राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 बिकिनी पहन पूल में उतरीं वाणी...



राहुल गांधी, आप जब भी... 12

गाजियाबाद, बुधवार 26 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 170, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## सभी पायलट का वार्षिक डोप टेस्ट करा सकती है सरकार, फुकेत-दिल्ली उड़ान घटना के बाद फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** थाईलैंड के फुकेत से 4 अगस्त को दिल्ली आ रही एयर इंडिया उड़ान के पायलट के गांजा के नशे में होने की पुष्टि के बाद अब केंद्र सरकार सभी पायलटों के डोप टेस्ट पर विचार कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस प्रस्ताव पर हितधारकों से परामर्श कर रहा है और प्रत्येक पायलट का साल में एक बार होने वाले परीक्षण की व्यवहार्यता की जांच कर रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने मंगलवार को बताया कि मौजूदा नियम के तहत 10 प्रतिशत एयरलाइन पायलटों का डोप परीक्षण



अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विमानन नियामक संस्था वर्तमान में 100 प्रतिशत परीक्षण के प्रभाव का आकलन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा और परिचालन संबंधी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी प्रणाली पर विचार कर रही है, जिसके तहत साल में एक बार प्रत्येक पायलट का परीक्षण किया जाए, जिसका समय अनिश्चित हो।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) फुकेत-दिल्ली एयर इंडिया की घटना की जांच कर रहा है।

उन्होंने बताया कि विमान और उसका डेटा रिकॉर्डर सुरक्षित हैं और जांचकर्ताओं के पास ही हैं। नायडू ने कहा, फिलहाल एएआईबी जांच कर रही है, और चूंकि डेटा रिकॉर्डर समेत सब कुछ सही सलामत है, विमान भी उनके कब्जे में है। इसलिए, मेरा मानना है कि हम बहुत जल्द ही कोई प्रारंभिक रिपोर्ट मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

फुकेत से रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान एआई-2379 को मंगलवार सुबह 11:15 बजे दिल्ली पहुंचना था। यात्रा शुरू होने के 90 मिनट बाद अचानक विमान 300 फीट नीचे गिर गया, जिससे उसमें सवार 145 यात्रियों को तगड़े झटके लगे और इधर-उधर टकराने से 17 घायल हो गए।

## एनएसजी अकादमी में पहला महिला कमांडो रूपांतरण पाठ्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के आतंकवाद रोधी सुरक्षा ढांचे में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मानेसर स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) प्रशिक्षण अकादमी ने

> **अधिकारियों के अनुसार, इस प्रशिक्षण से विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच समान पेशेवर मानकों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कठिन अभियानों के दौरान केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी मदद मिलेगी**

राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की महिला कर्मियों के लिए पहला महिला कमांडो रूपांतरण पाठ्यक्रम शुरू किया है।

12 सप्ताह का यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार, 24 अगस्त से शुरू हुआ। इसका उद्देश्य चयनित महिला कर्मियों को शारीरिक रूप से सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष और अभियान के लिए पूरी तरह तैयार कमांडो के रूप में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आतंकवाद रोधी और आंतरिक सुरक्षा अभियानों में कठिन जिम्मेदारियां



निभा सकें। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला प्रशिक्षुओं को कड़ी शारीरिक प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके अलावा उन्हें उन्नत हथियार संचालन, निशानेबाजी, सामरिक हस्तक्षेप, बंधक मुक्ति और आतंकवाद रोधी अभियानों से जुड़े अन्य विशेष कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से सुरक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी केवल संख्या के स्तर पर ही नहीं बढ़ेगी, बल्कि उन्हें जोखिमपूर्ण और चुनौतीपूर्ण अभियानों के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षता तथा पेशेवर कौशल भी हासिल होंगे।कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड आतंकवाद रोधी अभियानों से जुड़ी अपनी विशेष विशेषज्ञता राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की महिला कर्मियों के साथ साझा करेगा। इससे देशभर में प्रशिक्षित महिला सुरक्षा कर्मियों का एक मजबूत समूह तैयार होने की उम्मीद है।


अधिकारियों के अनुसार, इस प्रशिक्षण से विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच समान पेशेवर मानकों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कठिन अभियानों के दौरान केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी मदद मिलेगी।

एक अधिकारी ने कहा कि आतंकवाद रोधी अभियानों में अक्सर कई सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता होती है। विभिन्न बलों की महिला कर्मियों को एक साझा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित करने का उद्देश्य देश के सुरक्षा ढांचे में अधिक एकीकृत और व्यापक अभियान क्षमता विकसित करना है।

## प्रधानमंत्री ने उत्तम संगति और बुद्धिमत्तापूर्ण परामर्श के महत्व पर साझा किया संस्कृत सुभाषित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तम संगति, विवेकपूर्ण परामर्श और सच्ची मित्रता के महत्व को रेखांकित करने वाला एक संस्कृत सुभाषित साझा किया। उन्होंने इस सुभाषित के माध्यम से बताया कि जीवन में सही लोगों का साथ, सकारात्मक विचार-विमर्श और निस्वार्थ मित्रता व्यक्ति को सही प्रभाव पड़ता है। श्रेष्ठ और सकारात्मक लोगों की संगति व्यक्ति को सही मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

सुभाषित में विद्वानों के साथ सद्विचारों पर चर्चा करने की बात कही गई है। इसका भाव है कि ज्ञानवान और विवेकशील लोगों के साथ संवाद व्यक्ति की सोच को व्यापक बनाता है तथा उसे सही



दिशा प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक माध्यम 'एक्सइ पर यह संस्कृत सुभाषित साझा किया–

उत्तमैः सह साङ्गत्यं पण्डितैः सह सत्कथाम्।

अलुब्धैः सह मित्रत्वं कुवाणो नावसीदति॥

इस सुभाषित में कहा गया है कि जो व्यक्ति श्रेष्ठ लोगों की संगति करता है, विद्वानों के साथ सद्विचारों पर चर्चा करता है और लोभ रहित लोगों से मित्रता रखता है, वह जीवन में कभी निराश या पतित नहीं होता।

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए इस सुभाषित में उत्तम संगति के महत्व पर विशेष बल दिया गया है। जीवन में व्यक्ति जिन लोगों के साथ रहता और विचार-विमर्श करता है, उनका उसके विचारों, व्यवहार और व्यक्तित्व पर गहरा निर्णय लेने में सहायता करता है। सकारात्मक और बुद्धिमत्तापूर्ण विचार-विमर्श जीवन की चुनौतियों का संतुलित ढंग से सामना करने की क्षमता भी बढ़ाता है।

सुभाषित में लोभ रहित लोगों से मित्रता करने का संदेश भी दिया गया है। ऐसी मित्रता स्वार्थ से मुक्त होती है और कठिन समय में व्यक्ति को भावनात्मक तथा नैतिक संबल प्रदान करती है। निस्वार्थ मित्रता जीवन में विश्वास, शांति और संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किया गया यह संस्कृत सुभाषित भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित उन जीवन-मूल्यों को सामने लाता है, जो व्यक्ति को श्रेष्ठ संगति अपनाने, विवेकपूर्ण संवाद करने और सच्ची मित्रता निभाने की प्रेरणा देते हैं।

### न्यूज डायरी

## बलात्कार के दोषी राम रहीम को 21 दिन की फरलो, 2 महीने बाद फिर बाहर आया

**रोहतक (आरएनएस)।** बलात्कार और हत्या के मामले में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को हरियाणा सरकार की मेहरबानी से 2 महीने बाद फिर जेल से बाहर आने का मौका मिला। गुरमीत को 21 दिन की फरलो मिली। वह मंगलवार सुबह 6 बजे रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर निकला और 8 गाड़ियों के काफिले के साथ सिरसा डेरा के लिए रवाना हुआ। इससे पहले, गुरमीत को 26 मई को 30 दिन की पैरोल मिली थी। गुरमीत



को इस साल जनवरी में 40 दिन और मई में 30 दिन की पैरोल मिली थी। वह 25 जून को जेल लौटा। अब उसका पैरोल का कोटा खत्म हो गया है। हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स एक्ट 2022 के तहत जनवरी-दिसंबर तक कैदी 10 हफ्ते की पैरोल 2 हफ्ते में ले सकता है। गुरमीत इस साल 3 हफ्तों की फरलो का फायदा ले सकता है। फरलो को टुकड़ों में नहीं ले सकते और यह कभी भी ले सकते हैं। जनवरी में गुरमीत ने अपनी मां की बीमारी बताकर 40 दिन की पैरोल ली थी। इस दौरान वह बरनावा आश्रम उत्तर प्रदेश और फिर बागपत आश्रम में रहा। वर्ष 2017 में सजा के बाद उसे सबसे पहले अक्टूबर 2020 में एक दिन की पैरोल मिली थी। इसके बाद, फरवरी 2022 में 21 दिन की फरलो मिली। पिछले 9 साल में यह 17वीं बार जेल से बाहर आया है। वह 430 दिन से अधिक बाहर रहा है। राम रहीम को सिरसा स्थित आश्रम में महिला शिष्याओं के साथ रेप के मामले में 20 साल की सजा मिली है। पंचकूला की विशेष सीबीआई कोर्ट ने अगस्त, 2017 में उसे दोषी ठहराया था।

इसके अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या में उसे उम्रकैद हुई है। पत्रकार को 2002 में गोली मारी गई थी। मार्च में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पत्रकार हत्या मामले में गुरमीत को बरी कर दिया है।


## हैदराबाद की 'परिश्रम अदालत, में 8.29 करोड़ रुपये के 65 विलंबित भुगतान मामलों का समाधान

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'परिश्रम अदालत में 8.29 करोड़ रुपये के 65 विलंबित भुगतान विवादों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। इन मामलों का निपटारा सुलह सम्मेलनों के माध्यम से किया गया, जिससे कई सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए नकदी प्रवाह और कारोबारी निरंतरता बहाल करने में मदद मिली।

हैदराबाद में एफटीसीसीआई परिसर में आयोजित सम्मेलन में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, खरीदारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषदों, विवाद समाधान संस्थाओं तथा केंद्र और तेलंगाना सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए विलंबित भुगतान केवल बकाया राशि का मामला नहीं है। भुगतान में देरी से कर्मचारियों के वेतन, कच्चे माल की खरीद, ऋण चुकाने और नए कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता प्रभावित होती है। 'परिश्रम अदालतइ में इस बात पर जोर दिया गया कि समय पर और प्रभावी विवाद समाधान से कारोबारी निरंतरता बनाए रखने, विश्वास बहाल करने और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में सहायता मिल सकती है।सम्मेलन में उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि लंबित भुगतान के समाधान से उनके कारोबार को किस प्रकार राहत मिली और वे आगे की व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम हुए।नीमस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की श्रीमती शालिनी ने लंबे समय से लंबित भुगतानों और अनुबंध संबंधी विवादों के कारण कंपनी की बचत तथा कारोबारी विश्वास पर पड़े असर की जानकारी दी। विलंबित भुगतान समाधान व्यवस्था के माध्यम से कंपनी के 11 में से नौ मामलों का समाधान हुआ। उन्होंने बताया कि बकाया राशि की वसूली ने कंपनी को केवल आर्थिक राहत ही नहीं दी, बल्कि कारोबार जारी रखने और विकास का भरोसा भी लौटाया।नागार्जुन एग्रो केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुकुंद माहेश्वरी ने बताया कि सुविधा परिषद के हस्तक्षेप से ऐसे खरीदार से बकाया राशि वसूलने में मदद मिली।

## यूपीआई के एक दशक पूरे, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अनुभव साझा करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की डिजिटल भुगतान




व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले एकीकृत भुगतान अंतरफलक (यूपीआई) के एक दशक पूरे होने पर इसकी परिवर्तनकारी यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि यूपीआई ने देश में तेज, सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल लेन-देन को नई गति प्रदान की है।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने यूपीआई उपयोग के अनुभव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से यह भी बताने को कहा कि यूपीआई ने उनके दैनिक जीवन को किस प्रकार सरल, सुविधाजनक और सहज बनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले शुरू हुआ एकीकृत भुगतान अंतरफलक भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुआ है। इसने डिजिटल लेन-देन को सरल, तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाते हुए देश में भुगतान के तौर-तरीकों में बड़ा बदलाव किया है।

पिछले दस वर्षों में यूपीआई की पहुंच देश के कोने-कोने तक हुई है।


## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की छात्रा की याचिका

### कहा- हिजाब इस्लाम के लिए अनिवार्य नहीं

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल में एक मुस्लिम छात्रा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने स्कूल में हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। न्यायमूर्ति मुनीर और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की पीठ ने 21 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा कि हाई कोर्ट इस राय पर सहमत हैं कि महिलाओं के लिए सिर पर स्कार्फ पहनना इस्लामी आस्था का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। याचिका दायर करने वाली छात्रा कक्षा 11 में पढ़ती है।

प्रयागराज में टैगोर पब्लिक स्कूल की नाबालिक छात्रा सुकैना रिजवी ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि स्कूल प्रबंधन ने हिजाब पहनने के कारण उसे कक्षा 11 में प्रवेश देने से इनकार कर दिया।

उसने तर्क दिया कि वह कक्षा 6 के समय से हिजाब पहनती आ रही है। छात्रा की मांग पर स्कूल ने अपना जवाब भी दिया। स्कूल ने कहा कि निर्धारित



यूनिफॉर्म में हिजाब को शामिल करना ड्रेस कोड के विरुद्ध होगा।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि सिर पर स्कार्फ पहनना उसके लिए एक आवश्यक धार्मिक प्रथा थी। कोर्ट ने कहा कि छात्रा ने ऐसा कोई निवेदन, धार्मिक ग्रंथ या सामग्री रिकॉर्ड सबूत के तौर पर पेश नहीं किया, जो साबित करे कि कक्षा के अंदर स्कार्फ पहनने की अनिवार्यता से संबंधित प्रथा अनिवार्य है।

कोर्ट ने कहा कि निर्धारित वर्दी का चुनाव मुख्य रूप से स्कूल के अधिकार क्षेत्र में आता है।

कोर्ट ने कहा कि छात्रा कक्षा 6 से बिना आपत्ति के हिजाब पहनती आ रही है, लेकिन यह तर्क उसे स्कूल को मजबूर करने योग्य अधिकार नहीं बनाता है।

कोर्ट ने विद्यालयों में वर्दी के महत्व पर बल दिया और कहा, विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित वर्दी कई उद्देश्यों की पूर्ति करती है। यह अनुशासन और बच्चों के बीच समानता को बढ़ावा देती है, संस्थागत पहचान को दशार्ती है और कक्षा में भेदभाव को समाप्त करती है।

**रैली** | जब प्रदेश में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सरकार ने बाबरी मस्जिद की रक्षा करने का वादा किया था

## दनकौर में बसपा की विशाल रैली, आकाश आनंद ने सतवीर नागर के समर्थन में मांगा जनसमर्थन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (एन0जी0वर्मा)।** दनकौर कस्बे के किसान इंटर कॉलेज मैदान में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। रैली का संयोजन जेवर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रत्याशी एवं बसपा नेता सतवीर नागर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली रहे। रैली की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लखमी सिंह ने की, जबकि संचालन ओमप्रकाश कश्यप ने किया।

रैली को संबोधित करते हुए बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का मिशन है। पार्टी का उद्देश्य देश के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं, दलितों, पिछड़ों, मजदूरों और अल्पसंख्यकों को सम्मान एवं अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि




बसपा संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम ने वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशन को बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आगे बढ़ा रही हैं।

उन्होंने भाजपा और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल बसपा को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी समय में उत्तर प्रदेश और केंद्र की सत्ता में बसपा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने मायावती सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान कानून-व्यवस्था मजबूत रही और समाज के सभी वर्गों की सुरक्षा एवं विकास पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि आकाश आनंद ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकताओं और समर्थकों से बसपा को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बहन मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकताओं को पूरी ताकत से जुटना होगा। उन्होंने जेवर विधानसभा क्षेत्र से सतवीर नागर को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किए जाने की बात कहते हुए उनके समर्थन में मतदान की अपील की और लोगों से बसपा के चुनाव चिह्न ह्यहाथीह्न को विजयी बनाने का आह्वान किया।आकाश आनंद ने कहा कि मायावती ने उन्हें राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वह उनके आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह कांशीराम और मायावती के बताए रास्ते पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आकाश आनंद ने कहा कि सरकार अपनी उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार पर भारी धनराशि खर्च कर रही है, जबकि जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्य समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने बेरोजगारी, सरकारी पदों की रिक्तियों, शिक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी पद खाली हैं और युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मायावती सरकार के कार्यकाल में गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली थी और कानून-व्यवस्था बेहतर रही।आकाश आनंद ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर बसपा की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से पहुंचाना होगा।

# हरिशंकरी पौधरोपण को लेकर पालिका में हुई गोष्ठी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका परिषद के अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम नगर पालिका और लोक भारती मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष सबीला बेगम ने की। गोष्ठी में नगर पालिका के सभासदों के अलावा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सोहनवीर सिंह ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार भारद्वाज ने हरिशंकरी के तीनों पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरिशंकरी पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



लोक भारती के प्रांतीय संयोजक शिवकुमार ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने और अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसकी नियमित देखभाल भी जरूरी है।

नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक किशोरी सिंह ने कहा कि शासन और प्रशासन के निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर पालिका की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान ईओ दीपिका शुक्ला, डॉ. प्रमोद कुमार, शिवकुमार, एडवोकेट संजीव कुमार, शावेज अंसारी, संजीव कुमार, अजीत सिंह, कमल चौहान, विष्णु दत्त त्यागी, ऋषि पाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# संयम पांचाल की गिरफ्तारी पर भड़की कांग्रेस, सरधना तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

**कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, चालानी रिपोर्ट बनाने वाले दरोगा के निलंबन की मांग**

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** संयम पांचाल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को सरधना तहसील में प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस नेता जितेंद्र पांचाल के पुत्र संयम पांचाल को जेल भेजे जाने के मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कार्यकताओं ने चालानी रिपोर्ट तैयार करने वाले दरोगा के निलंबन की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई को



लेकर नाराजगी जताई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित,सैय्यद रिहानु दीन, सपना सोम,शबी खान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विचाराधीन बन्दी की मृत्यु की जांच शुरू,साक्ष्य करें प्रस्तुत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सुमन सौलंकी, जांच अधिकारी अपर सिविल जज (सी०डि०), अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या-3, गाजियाबाद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विचाराधीन बन्दी मनीष पुत्र लक्ष्मण, निवासी-मडावली, थाना मण्डावली, पूर्वी दिल्ली की दिनांक 14-06-2026 को लोकनायक जयप्रकाश चिकित्सालय नई दिल्ली में उपचार के दौरान हुई मृत्यु की परिस्थितियों की जांच संख्या 1/2026 न्यायालय अपर सिविल जज (सी०डि०), अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या- 3, गाजियाबाद, कक्ष संख्या-13, प्रथम तल, जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद में लम्बित है। प्रश्नगत

**प्रश्नगत न्यायिक जांच में यदि किसी व्यक्ति को कोई मौखिक या दस्तोवजी साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक 29-08-2026 तक न्यायालय समय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है**

न्यायिक जांच में यदि किसी व्यक्ति को कोई मौखिक या दस्तोवजी साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक 29-08-2026 तक न्यायालय समय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# खेल के दौरान लगने वाली चोटों से बचाव के लिए टेपिंग और ड्राई नीडलिंग की बारीकियां सिखाई गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. फिजियोथैरेपी कॉलेज, फिजियोकॉन-2026 के अंतर्गत खेल संबंधित चोटों में टेपिंग तकनीक एवं ड्राई नीडलिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के दौरान लगने वाली चोटों के इलाज से बचाव की जानकारी देना और उनका अभ्यास कराना था। इस अवसर पर आई.टी.एस-दी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने कार्यशाला के विशेषज्ञ, डॉ अमित दुबे का स्वागत किया।अर्पित चड्ढा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल किताबों का पढ़ना ही



पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को नई उपचार तकनीकों को सीखना और अभ्यास करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ ऐसे अवसर देने के लिए प्रयास करता है, जहां वे अनुभवी विशेषज्ञों से सीख सकें।संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ.एम थगराज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों के उपचार में फिजियोथेरेपिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यशाला के विशेषज्ञ, डॉ. अमित दुबे, खेल फिजियोथैरेपिस्ट एवं मुंबई इंडियंस की आईपीएल टीम से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ हैं। डॉ अमित दुबे ने विद्यार्थियों को खेलों में होने वाले विभिन्न चोटों, उनके इलाज और ठीक होने की प्रक्रिया में टेपिंग तथा ड्राई नीडलिंग के उपयोग के बारे में सरल तरीके से समझाया।

# पुलिस कार्रवाई के विरोध में भाकियू इंडिया की किसान पंचायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर/मेरठ (अनवर खान)।** किसान नेता दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव के साथ कथित पुलिस बर्बरता तथा ललिता गौतम हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई को लेकर भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने न्याय पदयात्रा निकालकर किसान पंचायत की। संगठन ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम मेरठ राहुल कुमार और सीओ सौम्या अस्थाना को सौंपा। यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गांव मुरादाबाद निवासी मोहित बैसला ने देते हुए बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में पदयात्रा सुबह आठ बजे केंद्रीय कार्यालय से शुरू हुई। पदयात्रा को रास्ते में कई स्थानों पर रोकने का प्रयास किया गया। फफूंडा पुलिस चौकी के पास भी पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाद में यात्रा को आगे बढ़ने दिया गया। करीब 15 किलोमीटर चलने के बाद लोहिया नगर मंडी से पहले फ्लाईओवर के नीचे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अधिकारियों की समझाने के बाद कार्यकताओं ने वहीं किसान पंचायत शुरू कर दी। करीब दो घंटे चली पंचायत में वक्ताओं ने 19 अगस्त को किसान नेताओं के साथ कथित मारपीट और थर्ड डिग्री दिए जाने तथा 8 जुलाई को ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर हुए आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घटनाओं से आमजन में भय और आक्रोश है। संगठन ने प्रशासन को मांगों



पर कार्रवाई के लिए 15 दिन का समय दिया है। मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी आनंद निकल, मुख्य प्रवक्ता संजीव राणा, कोषाध्यक्ष मोहित बैसला, राष्ट्रीय अ ध्य क्ष अल्पसंख्यक मोर्चा डॉ साकिब सईद और युवा मोर्चा प्रभारी अनिल गुमी, इरफान मलिक, शादाब अली, रिंकू भड़ाना, सादन पहलवान, कार्तिक बैसला, बंटी गुर्जर, ऋतिक बैसला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जरूरतमंद बच्चों के कदमों को मिली उम्मीद की राह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था यू वी कैन ब्रिजिंग स्माइल्स फाउंडेशन की ओर से संचालित ह्यचरण पादुका अभियानह्न के तहत ग्राम सैदपुर स्थित दयावती मोदी जूनियर हाई स्कूल में सेवा और संवेदना की मिसाल पेश की गई। अभियान के अंतर्गत 126 जरूरतमंद बच्चों को जूते प्रदान किए गए। नए जूते पाकर बच्चों के चेहरों पर आई खुशी और आत्मविश्वास ने आयोजन को भावनात्मक बना दिया।

संस्था के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि किसी जरूरतमंद बच्चे के पैरों में जूते पहनाना केवल सेवा नहीं, बल्कि उसके सम्मान और सपनों की राह को मजबूत करना है।




हमारा प्रयास है कि संसाधनों के अभाव में किसी बच्चे के कदम न रुकें और हर बच्चा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने कहा कि चरण पादुका अभियान बच्चों को सुविधा देने के साथ उनके आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य की दिशा में सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से अब तक 5,651 बच्चों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। सेवा कार्य में साईं सन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड ने 31 जोड़ी तथा संस्था सदस्य पवन त्यागी ने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में 21 जोड़ी जूते उपलब्ध कराए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सहयोग किया। बच्चों के नाप लेने में गुरदीप सिंह और विशाल वर्मा का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर सुनीता शर्मा, विशाल माहेश्वरी, रौनक दीप गांधी, मनीष कौशल, सचिन वधावन, ईशान गिरी, गुरदीप सिंह एवं आशुतोष शर्मा मौजूद रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में टेड्स "The स्पेसस बिटवीन": विचारों, नवाचार और प्रेरणा का उत्सव"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग & टेक्नोलॉजी (सेट ) में 24 अगस्त को टेड्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "The स्पेसस बिटवीन " रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरणादायक विचारों, विविध अनुभवों और नए दृष्टिकोणों से परिचित कराना था। कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय परिसर में विचारों के आदान-प्रदान, रचनात्मकता, नवाचार एवं व्यक्तिगत विकास के लिए एक प्रभावशाली मंच प्रदान किया।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार जी का Bouquet भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग & टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर प्रो. डॉ. जयदीप कुमार ने स्वागत संदेश प्रस्तुत करते हुए अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित विद्यार्थियों का अभिनंदन किया तथा टेड्स की थीम "The स्पेसस बिटवीन " के



महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार जी ने उद्घाटन संदेश प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को नए विचारों, रचनात्मकता, नेतृत्व एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने अनुभव, विचार एवं जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग विद्यार्थियों के साथ साझा किए। कार्यक्रम में डॉ. प्रणव खरबंदा, डॉ. रक्षित टंडन, ब्रिगेडियर प्रो. जीवन राज पुरोहित, डॉ. मिमांसा सिंह तंवर, अभिनेता एवं गायक विक्की आहूजा, आशु कसेरा, नंजेश बी. आर., अंकित हेडाऊ, लावण्या यादव, शिवानी बजाज साबरवाल तथा मोहम्मद काशिफ ने वक्ता के रूप में सहभागिता की। टेड्स के मंच के माध्यम से वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने, अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

वक्ताओं के विविध अनुभवों और विचारों ने विद्यार्थियों को अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में नए अवसरों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसने आयोजन को मनोरंजन एवं कला के रंग से समृद्ध किया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण बनाया तथा विद्यार्थियों ने इसका भरपूर आनंद लिया।

# भारी बारिश में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उपकरणों के साथ डटे रहे निगम अधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम अधिकारी बारिश के दौरान शहर में व्यवस्था संभालते दिखाई दिए, शहर में भारी बारिश होते ही नगर आयुक्त द्वारा टीम को अलर्ट किया गया, जलकल, स्वास्थ्य तथा निर्माण विभाग द्वारा जल

**स्वास्थ्य, जलकल तथा निर्माण विभाग ने बारिश में संभाली कमान, नगर आयुक्त ने लिया जायजा**

निकासी में संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बारिश के दौरान हॉटस्पॉट जल भराव क्षेत्र का जायजा लिया गया मौके पर वरिष्ठ अधिकारी गन भी उपस्थित रहे, निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा गोविंदपुरम क्षेत्र में बन रहे नाले से



कंस्ट्रक्शन वेस्ट को हटाया गया जल निकासी सुचारू की गई, मालीवाडा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान मौके पर पंप सेट लगाकर जल निकासी कराई गई। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि बारिश शुरू होते ही जल निकासी की कार्यवाही प्रारंभ हो जाती है जिसमें 55 स्थान का चयन किया हुआ है जो जल भराव हॉटस्पॉट है, उक्त स्थान पर तेज बारिश से अस्थाई जल भराव हो जाता है जिन पर स्थाई रूप से डी वाटरिंग पंप सेट लगाए हुए हैं, शहर में जल निकासी के लिए 68 डी वाटरिंग पंप सेट लगाए हुए हैं,महा प्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा समस्त जोन की टीम द्वारा जल निकासी के लिए लगातार कार्यवाही की गई। शहर में तेज बारिश के दौरान नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों द्वारा लाल कुआं, अंबेडकर रोड, चौधरीमोड, कालका गड़ी चौक, ठाकुरद्वारा, मोहन नगर चौराहा, अप्सरा बॉर्डर, वसुंधरा क्षेत्र, पसौंडा का जायजा लिया गया, विशेष रूप से अंडरपास पर जल निकासी लगातार जारी रखी गई मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे ।

# रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर गाजियाबाद में 3 दिन तक रहेगा डायवर्जन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों के डायवर्जन का प्लान जारी किया है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसन ने बताया कि दिल्ली, गाजियाबाद व आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों से आम लोगों के आवागमन को लेकर दिल्ली की तरफ से प्रमुख वाहनों का अधिक दबाव रहता है। गाजियाबाद में 26 अगस्त की सुबह 8 बजे 28 अगस्त की रात 8 बजे तक यह डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। यातायात व्यवस्था व वैकल्पिक मार्ग सामान्य यातायात (सभी प्रकार के सवारी वाहन) गाजियाबाद व दिल्ली की ओर से अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली लखनऊ की ओर जाने वाले सभी सामान्य वाहन चालक अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए एनएच-9 अथवा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का प्रयोग करें। सभी प्रकार के मालवाहक वाहन गाजियाबाद एवं दिल्ली की ओर से अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली लखनऊ की ओर जाने वाले सभी प्रकार के मालवाहक वाहन के अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली लखनऊ की ओर जाने के लिए मात्र दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे व अथवा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। ठल्-9 पर सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबन्धित रहेगा। त्योहारों के मध्य नजर यातायात पुलिस की विशेष अपील रक्षाबंधन के इस पवित्र पर्व पर आपका सफर सुरक्षित और सुखद रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। कृपया यात्रा पर निकलने से पहले वैकल्पिक मार्गों का ध्यान रखें और निर्धारित डायवर्जन प्लान का ही पालन करें। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अनावश्यक रूप से सड़कों पर वाहन पार्क न करें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन कर पुलिस बल का सहयोग करें।

**कार्यक्रम** | **लगभग 1400 नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग**

# जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में नवांकुर 2026 का भव्य अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों की नई शैक्षणिक यात्रा को प्रेरणादायक शुरूआत देने के उद्देश्य से नवांकुर 2026-अभिमुखीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

नई शुरूआत, नई आकांक्षाएं की प्रेरणादायक थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 1400 नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बीबीए, बीसीए, बी.कॉम., बी.कॉम. ऑनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत, नेतृत्व, नवाचार, तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता, व्यक्तित्व विकास तथा भविष्य के रोजगार एवं करियर अवसरों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शक्ति सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष, भारत युवा 20 एवं जी-20 के आधिकारिक प्रतिनिधि, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पश्चिम बंगाल प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य तथा राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाज एवं निशानेबाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों एवं विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. शिवेश प्रताप, रणनीतिक स्रोत एवं खरीद परामर्शदाता तथा विकसित भारत नीति एवं अनुसंधान केंद्र के राष्ट्रीय संयोजक,ने विद्यार्थियों को बदलते व्यावसायिक परिवेश, रणनीतिक सोच और भविष्य की आवश्यकताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। लक्ष्य माहेश्वरी, कहानी पुरातत्वविद्, ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहानी, अनुभव और सीख के माध्यम से रचनात्मक सोच एवं जीवन में सही दृष्टिकोण के महत्व को समझाया। सुश्री ख्याति शाह,





माइक्रोसॉफ्ट में वरिष्ठ लेखा निदेशक, ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जगत, डिजिटल परिवर्तन, पेशेवर कौशल और भविष्य के करियर अवसरों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। डॉ. पवन सोनी, नवाचार प्रेरक एवं लेखक, ने विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मक सोच और नए विचारों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में बदलने के लिए प्रेरित किया।

अंत में सुप्रसिद दिनेश बावरा, अभिनेता एवं कवि, ने कविता, हास्य और अभिनय के अनूठे संगम के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया तथा कार्यक्रम में ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस अवसर पर जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की प्रधानाचार्या डॉ. सविता मोहन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक दृष्टि, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। डॉ. सविता मोहन ने कहा कि महाविद्यालय जीवन केवल उपाधि प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को स्वयं को पहचानने, नए कौशल विकसित करने, नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने और भविष्य के लिए एक मजबूत व्यावसायिक पहचान बनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, निरंतर सीखने और सकारात्मक सोच को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# खेत में काम कर रही महिला पर तेंदुए का हमला,मौके पर मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव बलिया में मंगलवार सुबह खेत में काम कर रही महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी।

**ठाकुरद्वारा के बलिया गांव में घटना, इसी स्थान पर पहले भी महिला को बना चुका है शिकार**

बलिया गांव निवासी मिथलेश देवी (52) पत्नी बृजपाल सिंह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे सात-आठ अन्य लोगों के साथ अपने खेत में धान लगा रही थीं। इसी दौरान अचानक वहां पहुंचे तेंदुए ने मिथलेश देवी पर हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए उनकी ओर दौड़े। लोगों के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ वहां से भाग निकला। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी स्थान पर कुछ दिन पहले संतोष देवी नामक महिला पर भी तेंदुए ने हमला कर उसकी जान ले ली थी। क्षेत्र में लगातार तेंदुए की गतिविधियां सामने आने से ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत दोनों है। वन विभाग की ओर से तेंदुए की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को खेतों में अकेले न जाने और तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई है। क्षेत्र में तेंदुए के हमले में अब तक तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है।


तेंदुए के हमले से मरी महिला

## सहसपुरी में पिंजरे में कैद हुआ एक और तेंदुआ, अब तक नौ का रेस्क्यू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के सहसपुरी गांव में वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। इसके साथ ही जिले में अब तक कुल नौ तेंदुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है। डीएफओ डॉ. विनय कुमार ने बताया कि जिले के जिन-जिन क्षेत्रों में तेंदुआ दिखाई देने की सूचनाएं मिल रही हैं, वहां वन विभाग की ओर से पिंजरे लगाए गए हैं। इन क्षेत्रों में वन विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। बताया कि तेंदुओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सर्च अभियान अभी जारी रहेगा। वन विभाग की टीमें सूचना मिलने वाले क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही हैं और आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।


पिजरे में कैद हुआ तेंदुआ




# आरटीओ कार्यालय में किसानों ने दिया धरना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने धरना शुरू कर दिया। मंडलीय अध्यक्ष मनोज चौधरी और जिलाध्यक्ष धनेंद्र शर्मा के आह्वान पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आरटीओ कार्यालय पहुंचे और विभागीय व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की।

**फिटनेस और पंजीयन में मनमानी का आरोप**

किसान नेताओं का आरोप है कि वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि स्पीड गवर्नर और प्रदूषण प्रमाणपत्र के नाम पर वाहन स्वामियों से अनावश्यक रकम वसूली जा रही है। कृषि कार्य में इस्तेमाल होने वाले वाहनों के फिटनेस और पंजीयन को लेकर किसानों को कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है।


धरना देते किसान

कार्यकताओं ने इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कार्यालय परिसर में धरना शुरू किया। किसानों के धरने और नारेबाजी को देखते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी भी सतर्क रहे।

कार्यकर्ता एआरटीओ कार्यालय के गेट के सामने स्थित सभागार में बैठकर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते रहे।

# शंभूनाथ मंदिर में भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी ।** सर्राफा बाजार मोहल्ला महाजनान स्थित प्राचीन शंभूनाथ मंदिर में पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार एवं एकादशी के उपलक्ष्य में श्री राधा रमण सत्संग समिति के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीहरि के चरणों में नमन एवं वंदना के साथ हुआ। भजन गायक कलाकारों ने भगवान शंभूनाथ जी भोले शंकर, श्री राधा रमण जी एवं भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। कार्यक्रम के उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में प्रत्येक वर्ष भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव का पर्व भी धूमधाम से मनाया जाता है। भजन संध्या में अमित गुप्ता, सचिन गौरव, माधव गुप्ता, असित गुप्ता, चंद्र प्रकाश गुप्ता, श्लोक गुप्ता, विष्णु गुप्ता, मनु गुप्ता एवं संजीव गुप्ता ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पंकज गुप्ता, रिंकू गोयल, रामकिशोर गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विनोद गुप्ता, नरेश कुमार गुप्ता, राम गुप्ता, देशबंधु गुप्ता, अरुण ग्रोवर, रवि शंकर रस्तोगी, सौरभ, संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।


भजनों पर झूमते भक्त

# नगर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ से बनेंगी छह सड़कें, गांवों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर: आकाश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से छह सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जाने वाले इन कार्यों के प्रस्तावों को शासन से मंजूरी मिल गई है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ ही गांवों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

ग्रामीण क्षेत्र के संपर्क मार्गों की हालत खस्ता हो गई है। कई वर्षों से ये सड़कें खराब हो चुकी हैं। ऐसे में न सिर्फ ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं, बल्कि फसलों को मंडियों तक पहुंचाने में भी परेशानी होती हैं। लिहाजा, क्षेत्रीय लोग लगातार शहर विधायक आकाश सक्सेना से सड़कों का निर्माण कराने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिए। शासन ने सभी छह सड़कों के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 10 करोड़ रुपए की लागत से छह सड़कों का निर्माण होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिल जाएगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना का कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़कें सबसे महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधाओं में शामिल हैं। अच्छी सड़कें न केवल लोगों के आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि गांवों के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देती हैं। शासन से छह सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिलना नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इन

**लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया जाएगा कार्य, शासन से मिली मंजूरी**

सड़कों के निर्माण के बाद ग्रामीणों को बाजार, स्कूल, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। किसानों को भी अपनी उपज को मंडियों और अन्य बाजारों तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। विधायक ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतर कनेक्टिविटी से गांवों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने से विकास की रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने कहा कि नगर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**इन सड़कों का होगा निर्माण**

1. ग्राम रायपुर से मिलक इच्छाराम वाया वजीरगंज -284.07
2. रामपुर बरेली हाइवे स्थित यूपी 22 से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए भंडपुरा तक - 87.89
3. ग्राम मुंडियाखेड़ा से ग्राम लालपुर पटटी कुंदन तक - 201.94
4. ग्राम परतापुर से ग्राम हरदासपुर तक - 249.49
5. ग्राम बकैनिया से ग्राम चिकटीरामनगर तक - 122.45
6. ग्राम दबका से ग्राम अफजलपुर वाया चमरपुरा तक- 120.26

नगर विधानसभा क्षेत्र के छह सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे, जिसके बाद शासन से इन सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**गौरव कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रामपुर।**

# कशिश वारसी ने की जुलूस-ए-मुहम्मदी को अदब और अनुशासन के साथ निकालने की अपील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को शहर में निकाले जाने वाले जुलूस-ए-मुहम्मदी को लेकर भारतीय सूफी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कशिश वारसी ने आशिकान-ए-रसूल, अहले इस्लाम और अहले वतन को मुबारकबाद दी। उन्होंने जुलूस को अमन, अनुशासन, अदब और पाकीजगी के साथ निकालने की अपील की।

कशिश वारसी ने कहा कि सरकार-ए-दो आलम की विलादत का मुबारक महीना अमन, रहमत, बरकत और खुशहाली का पैगाम लेकर आता है। जुलूस में शामिल होने वाले लोग पाक-साफ कुर्ता-पायजामा, टोपी और इत्र लगाकर तथा वुजू के साथ शामिल हों। उन्होंने लोगों से पैदल जुलूस में शामिल होने और दुरूद-ओ-सलाम पढ़ते हुए मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देने की अपील की। उन्होंने कहा

**आज बुधवार को निकलेगा जुलूस-ए-मुहम्मदी, डीजे और वाहनों के इस्तेमाल से बचने का आह्वान**

कि जुलूस में डीजे का इस्तेमाल न किया जाए। साथ ही वाहनों के इस्तेमाल से भी बचें। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को मौके पर रोके जाने और चालान की कार्रवाई की जा सकती है, जिसकी जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी। कशिश वारसी ने कहा कि जुलूस-ए-मुहम्मदी हमारी पहचान है। इसे पुर-अमन, पुर-वकार और पुर-नूर बनाने की जिम्मेदारी सभी की है।उन्होंने लोगों से जुलूस के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखने, किसी को परेशानी न पहुंचाने तथा मोहब्बत, भाईचारे और अमन का संदेश देने की अपील की।

# 11 रबी अव्वल पर कुल शरीफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** बजरिया खानसामा स्थित हजरत शाह बगदादी साहब की दरगाह पर 11 रबी अव्वल के मौके पर कुल शरीफ का आगाज किया। कारी सैयद शाहरुख मियां ने हुजूर की शान बयान करते हुए कि पीर पैगम्बर अपनी कौम और कबीलों के लिए आए। लेकिन हुजूर को अल्लाह ने कायनात के लिए भेजा। उन्होंने मजहब ए इस्लाम का परचम लहराया। इसके बाद दुआ कराई गई। इस अवसर पर सैयद राशिद मियां, सलमान खान, मो. फैज आदि मौजूद रहे।


हजरत शाह बगदादी साहब की दरगाह में हुए कुल शरीफ में मौजूद लोग।

## यातायात पुलिस द्वारा सर्व संस्कृति स्कूल में लगाया कैंप

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस द्वारा विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों,सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षको, छात्र-छात्राओं को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पार करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के प्रति जागरूक किया।यातायात पुलिस द्वारा सभी से सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा के संदेश को अपनाते हुए यातायात नियमों का स्वयं पालन करने तथा अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई।ताकि हादसों पर रोक लगाई जा सके।


छात्र-छात्राओं को जागरूक करते पुलिस कर्मी

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत ट्रांसफार्मर के खंभों पर बेल का कब्जा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी।** ग्राम सिसौना स्थित कब्रिस्तान में विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिससे गांव के एक बड़े हिस्से को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इन दिनों ट्रांसफार्मर और उसके विद्युत खंभों पर बेलनुमा घास ने पूरी तरह कब्जा कर लिया है। खंभों के नीचे से लेकर ऊपर तक बेल चढ़ी होने के कारण विद्युत लाइन और खंभे तक ठीक से दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बेल और घास के इस तरह विद्युत खंभों एवं तारों तक फैल जाने से कभी भी हादसा हो सकता है। बरसात के मौसम में नमी के कारण विद्युत उपकरणों के आसपास उगी बेल और घास दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके बावजूद विद्युत विभाग की ओर से अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि समय रहते ट्रांसफार्मर और विद्युत खंभों पर चढ़ी बेल व घास को हटाया जाए तथा आसपास की सफाई कराई जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि लापरवाही के चलते यदि कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।


ट्रांसफार्मर के चारों ओर लगी घास

### चामुंडा माता मंदिर की नई मूर्तियों को कराया नगर भ्रमण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित चामुंडा माता देवी मंदिर (गमा देवत मंदिर) की नई मूर्तियों की स्थापना से पूर्व सोमवार शाम पांच बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक विधि-विधान के साथ नई मूर्तियों को मंदिर परिसर से नगर के विभिन्न मार्गों और बस्तियों में भ्रमण कराया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह दर्शन कर पूजा-अर्चना की और धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया।मूर्तियों को नगर भ्रमण कराने का उद्देश्य स्थापना से पूर्व धार्मिक परंपराओं के अनुसार उनका विधिवत नगर दर्शन कराना रहा।शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं और पुरुषों ने धार्मिक जयकारे लगाए।नई मूर्तियों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में आगामी धार्मिक अनुष्ठान एवं मूर्ति स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। शोभायात्रा में अखिलेश पांडे,निखिल पांडे,विनोद पांडे,आशीष शंकर पांडे, पंकज चौहान, संजय सक्सेना, विभोर पांडे, कार्तिक पांडे, अजय शर्मा, कल्लू शर्मा,अमित गुप्ता, अभिषेक पांडे,भगवान चंद सक्सेना, डॉ. मदन बंसल, रोमी बंसल, राजू बंसल, रूपक बंसल, आदर्श गुप्ता, केशव शर्मा, सुनीता पांडे, काजल मिश्रा, अंशु शर्मा, अर्चना पांडे, शशि सक्सेना, लवी बंसल, गीता गुप्ता, ममता गुप्ता, अवधेश शर्मा, मंजू गुप्ता, राखी गुप्ता, प्रेमलता सक्सेना, राधा सक्सेना, मंजू ठाकुजीर, रजनी शर्मा, सुनीता ठाकुर, मुस्कान शर्मा, छवि ठाकुर, बॉबी गुप्ता, शालू शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बिजारखाता-खानपुर उत्तरी संपर्क मार्ग बदहाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मसवासी।** बिजारखाता से चक मार्ग होते हुए खानपुर उत्तरी को जोड़ने वाले मुख्य संपर्क मार्ग की हालत बदहाल होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बरसात के मौसम में मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा हो गई है। इससे ग्रामीणों को खेतों तक आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आबादी क्षेत्र में भी जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग की खराब हालत को लेकर ग्राम प्रधान से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बारिश के बाद रास्ते पर जगह-जगह पानी और कीचड़ जमा होने से आवागमन प्रभावित है। ग्रामीणों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीण पवन कुमार, विनोद कुमार, हरकेश कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मार्ग का निरीक्षण कराकर उसे जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की भी मांग उठाई है।

### आज भी खुलेंगे कैश काउंटर

**रामपुर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता इं.सत्येंद्र चौहान ने बताया कि जनपद के चारों विद्युत वितरण खंड में सभी कैश काउंटर खुले रहेंगे। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि जिन पर बकाया है वह नजदीकी काउंटर पर जाकर बिजली का बिल जमा करें। उन्होंने बताया कि जनपद के चारों विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि काउंटरों को समय से खुलवाया जाए।

**सियासी जंग** केंद्रीय पर्यवेक्षक के सामने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पंद्रह व जिलाध्यक्ष पद के लिए पच्चीस नेताओं की दावेदारी

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए तहेरे व चचेरे भाइयों में सियासी जंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सियासत में न कोई दुश्मन न कोई दोस्त की कहावत के साथ प्यार और जंग में सब कुछ जायज होता है। बहरहाल रंग-बिरंगी सियासत में नया और दिलचस्प मामला सामने आया है। मामला है महानगर अध्यक्ष बनने का जिस पर मौजूदा महानगर अध्यक्ष के साथ तहेरे भाई भी दावेदार हैं। किस के सिर सजेगा महानगर अध्यक्ष का अध्यक्ष ताज यह तो हाईकमान तय करेगा, लेकिन पिछले छत्तीस सालों से सत्ता से बेदखल कांग्रेस में पद की होड़ से नए सियासी समीकरण बनने की सुगबुगाहट जरूर दिखाई देने लगी है।

कांग्रेस की केंद्रीय कमेटी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम को जिले का पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था। मोहन मकराम ने करीब आठ दिन शहर में कयाम किया और तमाम क्षेत्रों का भ्रमण करने के साथ छोटे-बड़े सभी नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात करके उनके विचारों को जाना। मोहन मरकाम ने कार्यकर्ताओं से जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर बेहतर प्रत्याशी के लिए भी राय ली है। इस दौरान उन्होंने महानगर कमेटी द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान पर्यवेक्षक के सामने करीब चालीस नेताओं ने दावेदारी पेश की है। बकौल मोहन मरकाम-महानगर अध्यक्ष के लिए पंद्रह और जिलाध्यक्ष के लिए करीब पच्चीस लोगों ने आवेदन किया है। जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के लिए अधिकांश दावेदार पूर्व में अध्यक्ष रह चुके नेता शामिल हैं। जिले की ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र से करीब तीन और कांठ विधानसभा क्षेत्र से दो लोगों ने जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी की है।

कमोवेश यही स्थिति महानगर अध्यक्ष को लेकर भी है। सियासी सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष पद के लिए रिजवान कुरैशी ने भी दावेदारी की है। गौरतलब है कि उनके चचेरे भाई जुनेद इकराम मौजूदा महानगर अध्यक्ष हैं। इस वजह से सियासी हलकों में यह चर्चा तेजी से हो रही है।पर्यवेक्षक मोहन मरकाम का कहना है कि उन्होंने सभी दावेदारों में प्रमुख छह नामों का प्रस्ताव जिला और महानगर अध्यक्ष पद के लिए भेजना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और प्रदेश में राहुल गांधी के कार्य से जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस का जनाधार तेजी से बढ़ेगा। महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम का कहना है कि वह सिर्फ पार्टी के सिपाही है और जो भी पार्टी का निर्णय होगा वह उसका सम्मान करेंगे।


कांग्रेस के चुनाव चिन्ह का केरीकेचर।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

# आटा, तेल, चीनी, प्याज और लहसुन के दामों में लगी आग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** त्योहारों से पहले खाद्य पदार्थों के दामों में वृद्धि से रसोई का बजट बिगाड़ गया है। आटा, तेल, चीनी, प्याज, लहसुन और सब्जियों तक के दाम भी बढ़ गए हैं। सबसे

### 15 दिन के भीतर खाद्य पदार्थों के दामों में हुई वृद्धि

ज्यादा चीनी के दामों में वृद्धि हुई है। 15 दिन पहले चीनी 45 रुपये किलो बिक रही। यानि 50 किलो का चीनी का कट्टा 2250 रुपये में आता था। लेकिन 15 दिनों के भीतर चीनी के दाम बढ़ने पर 50 किलो का कट्टा 3250 रुपये में आ रहा है। यानि दामों में 1000 रुपये का इजाफा हुआ है। गली-मोहल्लों में परचून की दुकानों पर 70 रुपये किलो मिल रही है। जबकि दामों में वृद्धि से पहले चीनी 45 रुपये किलो में मिलती थी। अब मंडी में 65 रुपये किलो के हिसाब से मिल रही है। यानि 15 दिन के भीतर 20 रुपये बढ़ गए हैं। प्याज अन्य सब्जियों की कीमत बढ़ने से रोजाना की रसोई का खर्चा भी बढ़ गया है। पांच दिन पहले मंडी के आंकड़ों के अनुसार प्याज का भाव 4600 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया था। आलू, टमाटर, हरी मिर्च समेत सब्जियों के भाव में भी उतार चढ़ाव है। रसोई के जरूरी सामान में आटा, दाल, चावल और तेल भी परिवारों का बजट बढ़ा रहे हैं। ऐसे में अचानक रसोई में रोजमर्रा उपयोग होने वाली चीजों से लोग काफी परेशान है।



चीनी के दाम में 20 से 25 रुपये का अंतर आ गया है। इसके साथ ही सब्जी, तेल और राशन महंगा हो गया है। जिससे खर्चा चलाने में काफी परेशानी आ रही है।
**पंकज गोयल, समाजसेवी।**



चीनी के साथ खाद्य पदार्थ के दाम बढ़े हैं। पहले 4300 रुपये क्विंटल के भाव में थोक में मिल जाती थी। अब 6900 रुपये क्विंटल तक पहुंच गई है। जिससे रसोई बजट बिगड़ गया है।
**रजनीश शर्मा**



पहले महीने का राशन तय बजट में आ जाता था। अब आटा, तेल, चीनी और सब्जियों पर ज्यादा खर्च हो रहा है। मेवे भी महंगे हैं,लगातार महगाई बढ़ती चली जा रही है।
**पारुल, गृहणी**



चीनी के दाम में तेजी का असर बाजार में साफ दिखाई दे रहा है। मंडी में भाव बढ़ने के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया है। इससे मध्यम वर्ग की जेब पर असर पड़ रहा है।
**प्रशांत पाल**



दुकान पर रखी दाले



दुकान पर रखा सामान

# जिले में 12,14 एवं 16 अक्टूबर को होंगे सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में माह अक्टूबर 2026 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 12 अक्टूबर, 14 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर 2026 की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले जोड़ों वर एवं वधू की बायोमैट्रिक,फेशियल ऑथेन्टीकेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए दो प्रकार की ऑथेन्टीकेशन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सामूहिक विवाह योजना के सभी संबंधित लाभार्थी जोड़ों से अपील की है कि वे विवाह कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उनके फिंगर प्रिंट एवं चेहरा आधार कार्ड में अपडेट है अथवा नहीं।यदि फिंगर प्रिंट अथवा चेहरा आधार में अपडेट नहीं है, तो संबंधित लाभार्थी अपने निकटतम आधार केंद्र पर जाकर आवश्यक अपडेट करा लें, ताकि

### दो प्रकार की ऑथेन्टीकेशन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान बायोमैट्रिक अथवा फेशियल ऑथेन्टीकेशन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक लाभार्थी वर एवं वधू के लिए कार्यक्रम स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा।बायोमैट्रिक-फेशियल ऑथेन्टीकेशन एवं उपस्थिति की प्रक्रिया पूरी किए बिना लाभार्थी को कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करने की अनुमति नहीं होगी।यदि कोई जोड़ा बायोमैट्रिक,फेशियल ऑथेन्टीकेशन कराए बिना कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करता है, तो विवाह उपरान्त योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा देय धनराशि उसके खाते में हस्तांतरित नहीं की जाएगी।

ऐसी स्थिति में संबंधित लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।इसके साथ ही वधू आवेदिका को अपने बैंक खाते के संबंध में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

आवेदन पत्र में आवेदिका अर्थात वधू का स्वयं का बैंक खाता ही दर्ज होना चाहिए। माता-पिता, भाई अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य का बैंक खाता मान्य नहीं होगा। लाभार्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि बैंक खाते का विवरण सही एवं सक्रिय है, जिससे योजना की धनराशि के हस्तांतरण में किसी प्रकार की बाधा न आए।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी संबंधित वर-वधू से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम से पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर लें और आधार में बायोमैट्रिक/फेशियल विवरण अपडेट कराने के साथ-साथ स्वयं के बैंक खाते का सही विवरण सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर डिप्टी सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक कॉलोनी से प्रतिनिधि मंडल जिला चिकित्सालय के लिए रवाना हुआ।जिला चिकित्सालय में जाकर डिप्टी सीएमओ डॉ. संतोष को एक अनुरोध पत्र सौंपा। इस पर संगठन के जिला संरक्षक नवाब युसूफ ने

### समय से इलाज नहीं मिलने के कारण मरीज तोड़ देते दम

कहा कि पीपीई मोड़ पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 100 बीघा भूमि ग्राम जगतपुर व ग्राम बेनजीर की अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है।

कॉलेज स्वीकृत हो चुका है लेकिन भूमि अधिग्रहण कार्यवाही पूर्ण न होने से मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो पा रहा है



डिप्टी सीएमओं को ज्ञापन सौपते व्यापारी

मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से जनपद के व्यापारी व आम जनता समय से बेहतर इलाज न मिल पाने से तड़प रहे हैं। ट्रीटमेंट के नाम पर जनता को मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं इस पूरी भूमि की हस्तानांतरण कार्यवाही में हो रही देरी की पूर्ण जिम्मेदारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार जनपद रामपुर की है। क्योंकि हस्तांतरण के संबंध में पूर्व में भी अनेकों बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपर प्रभारी अधिकारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार को कार्यवाही प्रेषित की जा चुकी है भूमि हस्तानांतरण में देरी का खामयाजा जनपद की जनता भुगत रही है।

व्यापार मंडल द्वारा लंबे प्रयास के बाद भी स्वीकृत कराई गई एमआरआई मशीन संचालक भी जिला चिकित्सालय में शुरू किया जाना आवश्यक है जनपद में डॉक्टरों की भारी कमी है। जैसे हार्ड, लिवर, किडनी, न्यूरो ,आंख नाक कान गला, जनरल फिजिशियन आदि डॉक्टरों की सख्त आवश्यकता है।इस अवसर पर विक्की मियां,पुलकित अग्रवाल,महफूज हुसैन, सुदेश यादव, गोपाल शर्मा , संदीप शर्मा,राजीव सैनी, नासिर लाला ,इमरान खान, मुन्नी अली, यासीन, परवेज खान, अलीम खान, नजाकत अली,आमिर भाई, रविंद्र किशोर जौहरी, विष्णु रस्तोगी आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# श्री राधा रमण सत्संग समिति के संयोजक सचिन गौरव का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी।** श्री राधा रमण सत्संग समिति के संयोजक सचिन गौरव द्वारा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं उत्थान के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से उन्हें राधे-राधे सम्मान पट्टिका एवं वस्त्र पहनाकर अभिनंदित किया। सचिन गौरव एवं उनकी कार्यसमिति के प्रयासों से प्रत्येक माह एकादशी के अवसर पर मोहल्ला महाजनान स्थित ऐतिहासिक राय सत्ती मंदिर में सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा संयुक्त रूप से शाम आठ बजे श्री हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। सनातन धर्म के उत्थान के लिए किए जा रहे इन प्रयासों को लेकर जन्मदिवस के अवसर पर सचिन गौरव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना, धर्म सिंह यादव, धर्मेश ठाकुर, राजीव यदुवंशी, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।



युवक को सम्मानित करते पदाधिकारी

# भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी थे तुलसीदास : डॉ मुनीश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** लोकनायक गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के पावन अवसर पर अलीगढ़ जनपद के इगलास में तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कोल के भाजपा विधायक अनिल पाराशर तथा पूर्व राज्य मंत्री मुकुल उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभुवन शर्मा ने की। समारोह में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, भारतवर्ष के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा को ब्राह्मण समाज को संगठित करने तथा समाज हित एवं ब्राह्मण हितार्थ समर्पित भाव से निरंतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. शर्मा ने इसे व्यक्तिगत सम्मान न मानकर समाज के प्रति अपने दायित्व और संकल्प की स्वीकृति बताया।इस अवसर पर बोलते हाई डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि लोकनायक गोस्वामी तुलसीदास भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी, रक्षक और पोषक थे। उन्होंने रामचरितमानस के रूप में भारतीय समाज को ऐसी संजीवनी प्रदान की, जिसकी प्रासंगिकता युगों के परिवर्तन के बावजूद अक्षुण्ण है।





डॉ मुनीश शर्मा को सम्मानित करते अतिथि

# विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** अध्यक्ष, जिला गंगा समिति के निदेशों के अनुपालन में जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति के नेतृत्व में शिव मंदिर, राठौडा स्थित जल स्त्रोत एवं उसके आसपास विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

अभियान में सहयोगी संस्था क्लीन एवं उपस्थित कार्मिकों के सहयोग से जल स्त्रोत एवं उसके आसपास एकत्रित प्लास्टिक कचरा,पॉलीथिन तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को श्रमदान के माध्यम से हटाकर एकत्रित किया गया। जल की सतह पर पड़ी पॉलीथिन एवं प्लास्टिक सामग्री को भी विशेष रूप से निकाला गया, ताकि जल स्त्रोत को प्रदूषण से मुक्त रखते हुए उसकी स्वच्छता एवं पर्यावरणीय गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके।

स्वच्छता अभियान में शुभम मिश्रा द्वारा भी सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता लगतार प्रदान की जा रही है।उनके सहयोग से जल स्त्रोत एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित किया गया।अभियान के दौरान एकत्रित प्लास्टिक एवं अन्य कचरे लगभग 50-60 किलों को व्यवस्थित रूप से एकत्रित किया गया । इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को भी जल स्त्रोत,नदी में प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य ठोस अपशिष्ट न डालने तथा जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया।जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार द्वारा कहा गया कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनसहभागिता के माध्यम से ही जल स्त्रोत, नदी को प्लास्टिक एवं प्रदूषण से मुक्त रखते हुए उनके संरक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है।



स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते कर्मचारी

**राहत**

## भक्तों को मिलेगी राहत, एआरएम ने विधायक से की मुलाकात

# खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए जल्द शुरू होगी रोडवेज बस सेवा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही रोडवेज बस सेवा खाटू श्याम के लिए चालू हो जाएगी,क्योंकि कुछ दिन पहले ही एआरएम ने शहर विधायक से मिलकर परमिट के बारे में अवगत कराया। इसके बाद विधायक ने जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर चलवाने का आश्वासन दिया है। जिससे खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने जाने वाले भक्तों को राहत मिलेगी।

खाटू श्याम का प्रसिद्ध मंदिर राजस्थान के सीकर जिले के खाटू गांव में स्थित है।खाटू श्याम के प्रति लोगों में लगातार आस्था बढ़ती जा रही है। भारी संख्या में जिले भर से भक्त खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के लिए जाते हैं। इतना ही नही बहुत से भक्त खाटू श्याम बाबा का जन्म दिन भी राजस्थान में ही जाकर मनाते हैं,लोग निजी बसों से लेकर अपने वाहनों से खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने जाते हैं,लेकिन अब खाटू श्याम तक रोडवेज बस सेवा के लिए रोडवेज के अधिकारी भी सक्रिय हो गए है। लोगों की मांग को देखते हुए रोडवेज बस सेवा चालू करने की तैयारी की जा रही है। इस बारे में जब एआरएम राम प्रकाश से बात की तो उन्होने बताया कि बस चालू हो सकती है लेकिन अभी तक परमिट नहीं मिला है। इसको लेकर शहर विधायक आकाश सक्सेना से मुलाकात करके परमिट के लिए बताया,जहां उन्होने तत्काल उच्च अधिकारियों से वातालर्प की। जिसके चलते आश्वासन मिल गया है जल्द ही अब परमिट मिला,तो भक्तों के लिए रोडवेज बस सेवा चालू हो जाएगी। परमिट मिलने के बाद ही बस का समय और किराया तय किया जाएगा।

**रक्षा बंधन के मौके पर कर्मचारियों के अवकाश रद्द**

रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा। जिसको देखते हुए विभाग ने कमर कस ली है। सभी 89 बसों की मरम्मत कराई जा रही है। एआरएम राम प्रकाश ने बताया कि रक्षा बंधन के मौके पर सवारियों की स्थिति को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा बसों को लोकल रूट पर दौड़ाया जाएगा। ताकि बहनों को भाईयों के घर जाने में कोई परेशानी नहीं आ सके। इसके साथ ही कर्मचारियों के अवकाश भी कैंसिल कर दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी एडीजीसी ने संभाला कार्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार सरकारी अधिवक्ता बनाए गए हैं। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रधान को डीजीसी राजस्व, सुयश गुप्ता को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व, गौतम संह गंगवार, यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट को एडीजीसी फौजदारी नियुक्त किया हैं। करीब दोमाह पहले जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ता अमित सक्सेना, प्रताप सिंह मौर्य,संदीप सक्सेना को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया था।इसकेबाद से यह पद रिक्त थे। अब दो एडीजीसी फौजदारी, एक डीजीसी, एक एडीजीसी राजस्व नियुक्त किया गया हैं।जिन्होने अपना कार्यभार संभाल लिया है।22 अगस्त के अंक में सुभाष चंद्र को एडीजीसी पद से तत्काल हटाने के बारे में लिखा गया था। जबकि उनको न हटाया गया और न ही उनको बनाया गया। जोकि गलती से छप गया था।

### संवाद मिशन में किसानों की जानी समस्याएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के संवाद मिशन के तहत किसानों की समस्याएं जानी। संगठन की मजबूती के लिए ग्राम अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए। जिलाध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा ने तहसील सदर क्षेत्र के अलीनगर जनूबी, मझरा पट्टी, कल्याणपुर, रामी की मड़ैया, भूरी की मड़ैया सहित कई गांवों का दौरा कर किसानों की किसानों की समस्याएं संकलित की। जिला अध्यक्ष ने मुजक्किर हाफिज की चौपाल पर हुई। पंचायत में एक जुटता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन के माध्यम से किसानों की आवाज शासन प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाई जाएगी। अधिकारियों के मिलकर प्रत्येक समस्या का समाधान कराया। कहा संवाद मिशन का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं है, बल्कि गांव-गांव जाकर किसानों को संगठन से जोड़ना है। इसके लिए किसानी की एकजुटता जरूरी है। पंचायत में सुंदर सिंह, मही पाल लोधी, मदन पाल सिंह, अंकुर सिंह, रिफाकत प्रधान, सब्बू, मुनने, रिजवान, अख्तर लाल, खुर्शीद प्रधान, फैजान मोहम्मद,उमर तौकीर, राजा,ताज मोहम्मद, मुनव्वर, मौजूद रहे।



पंचायत के दौरान मौजूद किसान

### 35,602 बच्चों के लगे मीजल्स, रूबेला के टीके, जनपद में 31 अगस्त तक संचालित रहेगा अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** कक्षा एक से 5 कक्षा तक के 35,602 बच्चों को छात्र-छात्राओं को टीके लग चुके हैं। टीकाकरण सत्र जनपद में 18 से 31 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार, शनिवार को हो रहा हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि कक्षा एक से 5 वर्ष तक छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण का शुरूआत जनपद में 18 अगस्त से हुई है जोकि 31 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा, रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखना है। अभियान में शामिल टीम बच्चों, अभिभावकों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दे रही है। साथ ही लक्षण, पहचान और बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### शिविर में 28 लोगों ने किया रक्तदान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर अकेडमी बेगमाबाद मिलक में रक्तदान शिविर आयोजित किया।यह रक्तदान शिविर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब को समर्पित लगाया गया। इस मौके पर 28 लोगों ने रक्तदान किया। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जहां आज तक नहीं लगा। समिति द्वारा जनपद के तहसील व ब्लॉक स्तर पर रक्तदान शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं लोगों को जागरूक किया जाता है। इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट स्टाफ का पूर्ण तरीके से सहयोग रहा। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि जल्द ही एक और रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट की ओर से डायरेक्टर गुरजीत सिंह प्रिंसिपल रमनदीप कौर, गुरिंदर सिंह, कुलजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, सिमरन सिंह, सचिन, कपिल हनी,सतपाल सिंह, अनूप सिंह, ओंकारेश्वर, सुरजीत सिंह, सेवा सिंह, मनिंदर सिंह, वजीर सिंह, गुरनाम सिंह मौजूद रहे।



रक्तदान करते युवक

### बच्चों ने स्कूल में मनाया रक्षा बंधन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** शिव विहार कॉलोनी स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में राखी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वयं सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। एक दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम एवं स्नेह का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राखी बनाने की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया।बच्चों ने रंग बिरंगी राखियों को आकर्षक ढंग से



स्कूल में रक्षाबंधन मनाते बच्चे

सजाया। जिससे विद्यालय का वातावरण उत्सव और उमंग से भर गया। विद्यालय के प्रबंधक नरदेव सिंह मौर्य ने बताया कि यह विश्वास प्रतीक रूप से भले ही रेशम की कच्ची डोर से बंधा है। परंतु भाई-बहन दोनों के मन की भावनाएं प्रेम की एक पक्की डोर से बंधी होती है।इस मौके पर बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मक सहयोग और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना पैदा होती है। इस मौके पर मंजू, शैलजा कुशवाहा, गुलफ्शा बी, स्वाति पांडे, रामावतार सिंह,आरव ,वेदांती आदि मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

## खानापूरी: शहर में जगह-जगह खुले हुए हैं अंडरग्राउंड बॉक्स

**बारिश के दिनों में हो सकता है बड़ा हादसा- निगम के अधिकारी बने मौन**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** बिजली निगम के अधिकारी मेंटीनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे है शहर में जगह-जगह अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स खुले हुए हैं। बारिश के दिनों में कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। निगम के अधिकारी सिर्फ मौन धारण किए हुए हैं। इसको लेकर समस्याएं सामने आ रही हैं। कहा कि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। थोड़ी बारिश होते ही कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है।



मोहल्ला घोसियान में अंडरग्राउंड केबिल बॉक्स टूटा हुआ।

जगह-जगह अंडर ग्राउंड बिजली बॉक्स टूटे हुए हैं, उनके पैनल गेट एवं सुरक्षा उपकरण गायब हैं। कई विद्युत पोल नीचे से गलकर तिरछे हो गए हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। बिजली के तारों एवं पोलों पर बेलें चढ़ी हुई हैं तथा पेड़ों की डालियां तारों से टकरा रही हैं, जिससे फॉल्ट एवं ट्रिपिंग होती है। कई स्थानों पर जर्जर एवं लटकते हुए विद्युत तार गंभीर खतरा बने हुए हैं।

लाइनों के नीचे सुरक्षा के लिए लगाए गए सेफ्टी जाल टूटे, लटके या गायब हैं। उन्होंने मांग है कि विद्युत विभाग इन समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर युद्धस्तर पर सुधार कार्य कराए।

जिम्मेदार लापरवाही पर उतारू है। इस लापरवाही की वजह से आमजन को नुकसान भुगतना पड़ सकता हैं।

समाजसेवी मोहम्मद राकिम खां ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर कहा है कि सावन माह चल रहा है तथा ईद मिलादुन्नबी और रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्व भी आने वाले हैं। ऐसे समय में शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गंभीर

# चयनित 31 प्राविधिक सहायकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के पद पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया से नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित प्रदेश स्तरीय नियुक्ति पत्र

**नवचयनित प्राविधिक सहायकों से किसानों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान**

वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया।जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवचयनित प्राविधिक सहायकों एवं मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।प्रदेश स्तर पर कृषि विभाग के लिए चयनित 3,446 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) तथा मंडी परिषद में श्रेणी-3, वर्ग-2 के 126 मंडी सचिवों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का जनपद स्तर पर भी सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन के उपरान्त जनपद रामपुर में कृषि विभाग के लिए नवचयनित 31 प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में मिलक विधायक राजबाला सिंह, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मिलक विधायक राजबाला सिंह ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि विगत वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। योग्यता एवं



नवनियुक्त प्राविधिक सहायक को नियुक्ति पत्र अतिथि

मेहनत के आधार पर चयनित होकर नियुक्ति पाने से युवाओं में उत्साह एवं खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि युवा वर्तमान के साथ-साथ देश और प्रदेश के भविष्य की महत्वपूर्ण शक्ति हैं तथा सरकार युवाओं के विकास एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दे रही है।जिन युवाओं ने अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर यह सफलता प्राप्त की है, वे उसी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा किसानों की सेवा को प्राथमिकता देते हुए कृषि क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें।शहर विधायक आकाश सक्सेना ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ पारदर्शी एवं योग्यता आधारित व्यवस्था के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस विश्वास पर खरा उतरते हुए वे विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा रामपुर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

**31 नए प्राविधिक सहायकों की तैनाती से कृषि कार्यों को मिलेगी गति**

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 75 न्याय पंचायतें हैं। कृषि विभाग की योजनाओं एवं किसानों से संबंधित कार्यों के लिए प्राविधिक सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 12 प्राविधिक सहायक कार्यरत थे।31 नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में सुविधा होगी। नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों के माध्यम से किसानों से संबंधित विभिन्न कार्यों के साथ फार्मर रजिस्ट्री, बीज वितरण, फसल संबंधी कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। इससे किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समयबद्ध एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सभी नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि जनपद के कृषि क्षेत्र एवं किसानों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं नवनियुक्त प्राविधिक सहायक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चौदह रोजा खुतबात-ए-सीरत कार्यक्रम का बारहवां जलसा हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मजलिस-ए-तहफ्फुज-ए-खत्म-ए-नुबूवत, मदरसा फैज उल उलूम थाना टीन के तहत चल रहे चौदह रोजा खुतबात-ए-सीरत कार्यक्रम का बारहवां जलसा मंगलवार को नमाज-ए-मगरिब के बाद पुरानी मस्जिद दुर्गनगला गांव में हजरत मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जलसे का आगाज मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद तालिब की तिलावत-ए-कुरआन-ए-करीम, कारी मोहम्मद अनस की नात-ए-नबी से हुआ। तम्हीदी खिताब करते हुए मुफ्ती मोहम्मद साजिद कन्नौजी ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की पूरी जिंदगी हमारे लिए बेहतरीन नमूना है। आपकी सीरत का हर पहलू हमारे लिए मशाल-ए-राह है। आपका बचपन, जवानी, वैवाहिक जीवन, अखलाक और किरदार सभी पाकीजगी और बुलंदियों का नमूना हैं।



जलसे में बोलते मुफ्ती।

आपकी ज़िंदगी का कोई पहलू ऐसा नहीं जिस पर उंगली उठाई जा सके। आपकी जाहिरी और निजी ज़िंदगी के तमाम पहलू उम्मत के सामने रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पैगंबर के अखलाक और किरदार को अपनी ज़िंदगी में अपनाने की जरूरत है। आपकी सीरत केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि उस पर अमल करने के लिए है। महमान-ए-खुसूसी हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद आसिफ नदवी ने पैगंबर की घरेलू जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि रसूल-ए-अकरम की घरेलू ज़िंदगी हमारे घरों के लिए चैन और सुकून का बेहतरीन नमूना है।

### प्रधान ने अपने परिजनों के खातों में डाला पैसा,शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैदनगर।** जटपुरा के ग्रामीणों में जिला अधिकारी को ग्राम पंचायत द्वारा फर्जी भुगतान करने की शिकायत की है। पत्र में लिखा है प्रधान द्वारा अपने परिजनों के खातों में सरकारी पैसा डालकर निकाला गया। शिकायत करने वालों ने पंचायत के खातों की जांच करने की मांग की है। मामला सैद नगर विकासखंड क्षेत्र के जट पुरा गांव का है। कुछ दिन पूर्व जटपुरा पंचायत घर में प्रधान एवं पंचायत सहायक गुटके बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने से सनसनी फैल गई थी। मंगलवार को नया मामला ग्राम प्रधान की शिकायत का समय आया है। गांव के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को एक पत्र सौंपा है। पत्र में लिखा है ग्राम प्रधान में सरकारी धन को अपने परिजनों के खातों में डालकर निकाला है। इसके अलावा पीडी मार्ग पर नाली निर्माण एवं रास्ते में घोटाले की शिकायत की है।शिकायतकताओं का आरोप है ग्राम पंचायत के राज्य वित्त एवं अन्य खातों से भी फर्जी तरीके से पैसा निकाला गया है। इसके अलावा हैंड पंप रिपोर्ट में भी प्रधान ने अपनी मनमानी की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग की है। पत्र में मुरारी लाल, राहत अली, रऊफ, रिजवान आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### दो माह बाद सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर अज्ञात वाहन के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। ग्राम भौनकपुर निवासी प्रेमवती ने बताया कि 23 जून की रात करीब आठ बजे गांव ऐंचोरा निवासी भगवान दास उसके पति वेदप्रकाश (55) को मोटरसाइकिल पर बैठाकर लाडपुर की ओर जा रहे थे। भौनकपुर और लाडपुर के बीच पहुंचने पर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी।जिससे वह सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। हादसे में वेदप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि घटना के समय अंधेरा होने और टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया था। प्रेमवती का आरोप है कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद वह कोतवाली में रिपोर्टदर्ज कराने पहुंचीं, लेकिन दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस एसपी को शिकायती देकर न्याय की गुहार लगाई।एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिव मंदिर पर हुआ भंडारा, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** सावन के पावन महीने में मसवासी क्षेत्र के चाऊपुरा स्थित शिव मंदिर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में हलवा-पूरी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

भंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में 24 घंटे का रामायण पाठ आयोजित किया। रामायण पाठ के समापन के बाद विधि-विधान से हवन एवं पूजन किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव को भोग अर्पित कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। जैसे ही भंडारा शुरू हुआ। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटने लगी। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। भंडारे में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों और सेवादारों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया।सावन के महीने में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।भंडारे के आयोजन में सहयोग करने वालों में प्रकाश गुप्ता, पवन गुप्ता, उमेश मौर्य, जोशी पंडित, हरिचंद मौर्य, लाल बहादुर मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, राजेंद्र मौर्य, महिपाल मौर्य, बृजेश मौर्य, गोविंद मौर्य, बंटी मौर्य, सूरज मौर्य, अंकित मौर्य, अभिषेक मौर्य, दीपेश मौर्य, अंशुल मौर्य, दीपू मौर्य, राधे मौर्य, विपिन मौर्य, वीरू मौर्य और कृष्णपाल मौर्य सहित अन्य श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से लोगों में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। सावन के पावन अवसर पर भगवान शिव की आराधना के साथ भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, सेवा और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।



पूजा अर्चना में मौजूद भक्त

## बैठक में संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** ओम टंडन प्लाजा, माठखेड़ा रोड, बिलासपुर में बिलासपुर ब्लॉक एवं विधानसभा क्षेत्र के संगठन सत्र की बैठक हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

बैठक के संगठन पर्यवेक्षक एवं अल्मोड़ा के विधायक मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि संगठन को गति देने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी के विचार महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि संगठन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सभी कार्यकताओं के सामूहिक प्रयास से मजबूत होता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से वन-टू-




बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि

वन संवाद करते हुए उनकी राय जानी और संगठन को और प्रभावी बनाने के लिए सभी की सहमति एवं सहयोग प्राप्त किया।पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरना होगा। मजबूत संगठन ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और पार्टी को मजबूती देने का आधार है।जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा,निक्कू पंडित ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभानी होगी।

बैठक में गुरवाज संधू, कलाम पाशा, रंजीत सिंह, जतिंदर सिंह, हरसिमरन सिंह, शरीफ अहमद, अमीर अहमद, रवि टंडन (नगर अध्यक्ष), लईक अहमद बाबू (नगर अध्यक्ष, केमरी), डॉ. जफर मोहम्मद उमर, शानू खाँ, रफी खाँ, मौलाना साहिर रजा खाँ, बाकर अली खाँ, उमेश दुबे, शकील मंसूरी, नोमान मुमताज खाँ गुलशन बानो, हमीदा बी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट करने में तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मारपीट करने के मामले में एडीजे प्रथम की कोर्ट ने तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की सजा और प्रत्येक पर 15 -15

**प्रत्येक आरोपी पर 15-15 हजार लगाया जुर्माना**

हजार जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव ढकुरिया निवासी रोहन सिंह का कहना था कि 15 सितंबर 2023 को वह अपनी बेटी सरोज के घर के पास खड़ा था।तभी मेरी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार विजय सिंह,छोटे और टीटू ने रोशन सिंह को गाली देना शुरू कर दी थी।विरोध करने पर उसको पीटकर घायल कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

जिसकी सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में हो रही थी।एडीजीसी क्रिमिनल कुमार सौरभ ने बताया कि विजय सिंह,छोटे और टीटू पर कोर्ट ने 15-15 हजार का जुमार्ना ठोंका है। 40 हजार रुपये घालय को देने के कोर्ट ने आदेश दिए है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री ने सड़क निर्माण को विधायक को सौंपा पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री ग्राम जमना जमनी निवासी संदीप सिंह ने स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी को ग्राम की सड़क निर्माण के लिए पत्र सौंपा है। पत्र में कहा कि ग्राम जमुना जमुनी चौहद्दा में संदीप सिंह के घर से जोगिंदर सिंह के घर तक एवं गुरजट सिंह के घर से गुरुद्वारे वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है।बरसात के दिनों में उक्त मार्ग पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है जिससे गुरुद्वारे पर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को निकालने में भारी परेशानियों एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ता है भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री ने मार्ग को विधायक निधि से शीघ्र करने की मांग की है।



विधायक को ज्ञापन देते लोग

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम यूनिट ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। साथ ही टीचर्स सेल्फ केयर टीम यूनिट ने पोस्ट कार्ड अभियान

**शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों ने दो सूत्रीय ज्ञापन सीएम को भेजा**

चलाया। इस अवसर पर मंडल संयोजक जगदीश पटेल ने कहा कि किसी स्वजन की मृत्यु होने या शुभ संस्कार होने की स्थिति में 15 दिन का विशेष अवकाश, मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना वर्तमान में सेवा काल तक है जिसे आजीवन किया जाए। इस अवसर पर मंडल संयोजक जगदीश पटेल जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल, जिला सह संयोजक केशव कुमार ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एम पी सिंह पटेल, ब्लॉक प्रवक्ता भानु प्रताप सिंह ब्लॉक सह संयोजक दमयंती गंगवार चूड़ामणि गंगवार, सीमा रानी, पूनम रानी, सुशील कुमार, सुंदर लाल, अमित कुमार, देवेंद्र कुमार, फूल सिंह, अरविंद कुमार, नागेंद्र कुमार ने पोस्टकार्ड अभियान का शुभारंभ किया।



अभियान के दौरान पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक।

**संवाद** बार-बार प्रयास करने पर सफलता अवश्य मिलती है, कोई भी असफलता अंतिम नहीं होती:सीडीओ

## सीडीओ ने राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों से किया संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास, उनकी क्षमताओं के सम्पूर्ण ज्ञान तथा उन्हें उच्च शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता एवं लोक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने शहर स्थित राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों, रुचियों, कैरियर विकल्पों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में बातचीत की। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बार-बार प्रयास करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कोई भी असफलता अंतिम नहीं होती।ह्व उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसके अनुरूप निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

सफलता प्राप्त करने में विद्यार्थी की पृष्ठभूमि से अधिक उसका निश्चय, मेहनत और निरंतर प्रयास महत्वपूर्ण होता है।आपकी पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि आपका निश्चय महत्वपूर्ण है। यदि निश्चय



बच्चों से संवाद करते सीडीओ

मजबूत है तो सफलता अवश्य मिलती है।ह्व विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रयास में बार-बार असफलता मिल रही है तो निराश होने के बजाय अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए और कमियों को पहचानकर नई रणनीति के साथ पुनः प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में जिज्ञासा बनाए रखना बहुत जरूरी है। किसी विषय को लेकर मन में प्रश्न हो तो संकोच न करें और शिक्षकों, विशेषज्ञों तथा अनुभवी लोगों से जानकारी प्राप्त करें। प्रश्न पूछने और सीखने की आदत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।संवाद के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण एवं कैरियर नियोजन, प्रभावी अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन एवं आत्मअनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अवसरों से भी अवगत कराया।विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, एनडीए, नीट, जेईई एवं अन्य राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया। साथ ही उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा, उद्यमिता तथा स्टार्टअप के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं पर भी चर्चा की।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय


# यूजर्स पर अनावश्यक बोझ



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

मोदी सरकार उचित ही यूपीआई की सफलता को अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करती आई है। अब यह समझना कठिन है कि अपनी इस कामयाबी को पलटने का रास्ता वह क्यों तैयार कर रही है?

केंद्र ने संसद से वह विधेयक पारित करवा लिया है, जिसके बाद बैंकों को यूपीआई पेमेंट पर फीस लगाने का अधिकार देने का रास्ता खुल गया है। यह आपत्तिजनक पहल है। नरेंद्र मोदी सरकार उचित ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस की सफलता को अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करती आई है। मोदी सरकार रुपे कार्ड की शुरूआत कर स्वदेशी भुगतान की एक और महत्त्वपूर्ण पहल करने में सफल रही थी। अब यह समझना कठिन है कि अपनी बड़ी कामयाबी को पलटने का रास्ता वह क्यों तैयार कर रही है? सरकार ने खुद कहा है कि बड़े लेनदेन कारोबारियों से बैंकों को भुगतान फीस वसूलने का अधिकार दिया जा सकता है। सरकार का दावा है कि इससे महज पांच प्रतिशत यूजर प्रभावित होंगे। यानी आम भुगतानकताओं पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मगर, व्यवहार में इसे सुनिश्चित करना शायद संभव नहीं होगा। वेंडर्स यूजर्स पर उन शुल्कों को ट्रांसफर ना करें, इसकी गारंटी करना बेहद कठिन साबित होगा। नतीजतन, फीस का चलन लागू होने के बाद व्यवहार में असल में यह होगा कि लोग नकदी लेनदेन या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने की दिशा में लौटेंगे। यह सरकार की घोषित प्राथमिकताओं के खिलाफ होगा। वैसे भी, जब सरकार यह सिस्टम चलाने के लिए हर साल डेढ़ से दो हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी बैंकों को दे रही है, तो फिर बैंकों को फीस लेने की आजादी देने का क्या तर्क हो सकता है? ऐसे प्रश्नों का सटीक उत्तर मौजूद ना होने के कारण ही इस संदेह को हवा मिली है कि इस फैसले के पीछे अमेरिकी दबाव की भूमिका है। यूपीआई और रुपे कार्ड के चलन में आने से अमेरिकी कंपनियों- मास्टरकार्ड, वीजा, अमेरिकन एक्सप्रेस आदि के भारत में मौजूद बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। अब कहा जा रहा है कि उन कंपनियों के हित में भारत पर अमेरिका के ट्रंप प्रशासन का परोक्ष दबाव पड़ा है। मुमकिन है कि ऐसी बातों में कोई दम ना हो। मगर खुद मोदी सरकार ने भारतीय कारोबारियों और यूजर्स पर अनावश्यक बोझ डालने की तैयारी कर ऐसी चचाओं की जमीन तैयार की है।




# क्यों नहीं पढ़ रहे हैं? रुचि नहीं या हालात ने रोक दी राह, 8.7 करोड़ युवाओं की कहानी में छिपे हैं कई सवाल

भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। ऐसे में युवाओं की शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास केवल सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के आर्थिक भविष्य से जुड़ा सवाल है। नीति आयोग की नई रिपोर्ट रीइमैजिनिंग स्किलिंग फॉर विकसित भारत @2047 में सामने आया आंकड़ा इसी चिंता को गहरा करता है। रिपोर्ट के मुताबिक 15 से 29 वर्ष की उम्र के करीब 8.7 करोड़ युवा ऐसे हैं, जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न नौकरी में हैं और न ही किसी तरह की ट्रेनिंग ले रहे हैं। यह संख्या रिपोर्ट में शामिल कुल आबादी का करीब 11 प्रतिशत है। हालांकि इसमें नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को शामिल नहीं किया गया है।

इस आंकड़े को केवल बेरोजगारी के नजरिए से देखना आसान है, लेकिन इसके पीछे की वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। सवाल यह नहीं है कि 8.7 करोड़ युवा पढ़ाई क्यों नहीं कर रहे या नौकरी से क्यों दूर हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या वे पढ़ना ही नहीं चाहते, या उनके सामने ऐसी परिस्थितियां हैं जिनके कारण पढ़ाई जारी रखना संभव नहीं है? क्या परिवार उन्हें शिक्षा दिलाने में रुचि नहीं रखते, या आर्थिक और सामाजिक मजबूरियां उन्हें कम उम्र में ही दूसरी जिम्मेदारियों की ओर धकेल देती हैं? इन सवालों का जवाब खोजे बिना भारत के कौशल विकास और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना मुश्किल होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समूह के करीब 88 प्रतिशत लोग घरेलू कामों में लगे हैं। इसका अर्थ यह नहीं लगाया जा सकता कि ये युवा कोई काम नहीं कर रहे। खासकर घरों में जिम्मेदारियां निभाने वाले युवाओं का श्रम अक्सर औपचारिक अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में दिखाई नहीं देता। खाना बनाना, छोटे भाई-बहनों की देखभाल, बुजुर्गों की सेवा, घर के दूसरे काम और परिवार की जिम्मेदारियां निभाना भी काम है, लेकिन इसके बदले उन्हें न वेतन मिलता है और न ही रोजगार का अनुभव प्रमाणित होता है। यही कारण है कि ऐसे युवाओं की स्थिति को केवल काम नहीं करने वाले वर्ग के रूप में देखना वास्तविकता को अधूरा समझना होगा।

इस तस्वीर में महिलाओं की स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। घरेलू जिम्मेदारियां, सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की कमी, रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच और सामाजिक अपेक्षाएं युवतियों की शिक्षा तथा रोजगार के रास्ते में बड़ी बाधाएं बन सकती हैं। कई परिवारों में लड़कों की पढ़ाई को भविष्य में कमाई से जोड़कर देखा जाता है, जबकि लड़कियों से घरेलू जिम्मेदारियां संभालने की अपेक्षा की जाती है। परिणाम यह होता है कि पढ़ाई बीच में छूट जाती है और कौशल प्रशिक्षण का



कांतिलाल मांडोत

अवसर भी नहीं मिल पाता।

लेकिन समस्या केवल लड़कियों तक सीमित नहीं है। गरीब और निम्न आय वाले परिवारों में लड़कों के सामने भी पढ़ाई छोड़कर कमाने की मजबूरी हो सकती है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो किशोर या युवा से उम्मीद की जाती है कि वह दुकान, कारखाने, खेत, निर्माण स्थल या किसी छोटे व्यवसाय में हाथ बंटाए। ऐसे में पढ़ाई परिवार के लिए तत्काल जरूरत के सामने पीछे चली जाती है। परिवार यह सोच सकता है कि आज की कमाई ज्यादा जरूरी है, जबकि शिक्षा का लाभ कई साल बाद मिलेगा। यही सोच अनेक युवाओं को औपचारिक शिक्षा से दूर कर देती है।

यह भी मानना गलत होगा कि हर युवा पढ़ाई से इसलिए दूर है क्योंकि उसकी पढ़ाई में रुचि नहीं है। शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी परेशानियां भी इसके पीछे हो सकती हैं। किसी विद्यार्थी को विषय कठिन लग सकता है, स्कूल या कॉलेज की दूरी अधिक हो सकती है, पढ़ाई का खर्च परिवार की क्षमता से बाहर हो सकता है या उसे पढ़ाई के बाद रोजगार मिलने का भरोसा न हो। यदि किसी युवा को यह दिखाई देता है कि उसके आसपास पढ़े-लिखे लोग भी नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो उसके मन में शिक्षा की उपयोगिता को लेकर सवाल पैदा होना स्वाभाविक है। माता-पिता की भूमिका भी यहां निर्णायक है। कई परिवार शिक्षा का महत्व समझते हैं, लेकिन आर्थिक परिस्थितियों के कारण बच्चों को लगातार पढ़ा नहीं पाते। दूसरी ओर कुछ परिवारों में शिक्षा को लेकर जागरूकता की कमी भी हो सकती है। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में अभिभावकों को यह जानकारी नहीं होती कि सामान्य शिक्षा के साथ कौन-कौन से कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध हैं और उनसे रोजगार के कौन से रास्ते खुल सकते हैं। यदि परिवार को शिक्षा और कौशल को भविष्य की आय से जोड़कर समझाया जाए, तो बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की संभावना बढ़ सकती है।

एक और महत्वपूर्ण कारण शिक्षा और रोजगार के बीच का अंतर है। केवल डिग्री हासिल करना और रोजगार योग्य कौशल प्राप्त करना एक ही बात नहीं है। आज के रोजगार बाजार में तकनीकी ज्ञान, डिजिटल क्षमता, संवाद कौशल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव की जरूरत बढ़ रही है। यदि शिक्षा व्यवस्था इन जरूरतों से जुड़ नहीं पाती, तो युवा पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रोजगार के लिए तैयार नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में परिवारों के बीच यह धारणा मजबूत हो सकती है कि पढ़ाई पर वर्षों खर्च करने के बजाय कोई काम सीखना ज्यादा उपयोगी है।

यही कारण है कि कौशल विकास की नीतियों को केवल प्रशिक्षण केंद्र खोलने तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन युवाओं तक पहुंचना होगा जो पहले ही शिक्षा व्यवस्था से बाहर हो चुके हैं। उनके लिए लचीली शिक्षा, स्थानीय स्तर पर कौशल प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा, अप्रेंटिसशिप और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाने होंगे। प्रशिक्षण ऐसा होना चाहिए जिससे युवा यह समझ सके कि उसे सीखने के बाद वास्तविक रोजगार या आय का रास्ता कैसे मिलेगा।

साथ ही, घरेलू काम में लगे युवाओं की स्थिति को भी नीतियों में पर्याप्त महत्व देना होगा। यदि कोई युवा लंबे समय से परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहा है, तो उसके लिए नियमित कॉलेज जाना संभव नहीं हो सकता। ऐसे युवाओं के लिए घर के आसपास या डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण, कम अवधि के पाठ्यक्रम और स्थानीय रोजगार के अवसर उपयोगी हो सकते हैं। महिलाओं के लिए सुरक्षित परिवहन, छात्रावास, बाल देखभाल जैसी सुविधाएं भी शिक्षा और रोजगार की राह आसान कर सकती हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि 8.7 करोड़ युवाओं को एक ही नजर से नहीं देखा जा सकता। इनमें कुछ ऐसे होंगे जो पढ़ाई में रुचि नहीं रखते, कुछ आर्थिक मजबूरी में पढ़ाई छोड़ चुके होंगे, कुछ परिवार की जिम्मेदारियों में फंसे होंगे, कुछ रोजगार के अवसरों से दूर होंगे और कुछ ऐसे भी होंगे जिन्हें सही मार्गदर्शन ही नहीं मिला। इसलिए समाधान भी एक जैसा नहीं हो सकता।

भारत के सामने आज केवल युवाओं को शिक्षित करने की चुनौती नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, कौशल और सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने की चुनौती है। जिस देश में करोड़ों युवा कामकाजी उम्र में प्रवेश कर रहे हों, वहां हर युवा की क्षमता महत्वपूर्ण है।

## ऑफलाइन पर पहरा, ऑनलाइन कोचिंग आजाद—क्या कानून काफी है?

महाराष्ट्र सरकार ने निजी कोचिंग सेंटर्स के लिए महाराष्ट्र प्राइवेट कोचिंग सेंटर्स (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2026 का मसौदा पेश किया है। नीट पेपर लीक के बाद सरकार को उस शिक्षा-बाजार की याद आई, जहां बच्चे विद्यार्थी कम, परिणाम पैदा करने वाली मशीन अधिक समझे जाते हैं। मसौदे में फीस, पढ़ाई के घंटे, छात्र सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, विज्ञापन और पंजीकरण पर कड़े प्रावधान हैं। 25 से अधिक विद्यार्थियों वाले केंद्रों का पंजीकरण अनिवार्य होगा, 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश नहीं मिलेगा और रोजाना पांच घंटे से अधिक कक्षाएं नहीं चलेंगी। उल्लंघन पर 50 लाख रुपये तक जुमार्ना होगा। कानून का कद बड़ा है; अब देखना है कि उसका हाथ भी उतना ही लंबा है या नहीं। मसौदे का पहला शिकंजा पंजीकरण है। 25 से अधिक विद्यार्थियों वाले हर कोचिंग केंद्र का पंजीकरण अनिवार्य होगा। पुराने केंद्रों को छह महीने मिलेंगे, पंजीकरण तीन वर्ष के लिए होगा और हर शाखा अलग केंद्र मानी जाएगी। शिक्षक स्नातक होने चाहिए तथा संज्ञेय अपराध में शामिल लोगों की नियुक्ति नहीं होगी। रैंक की गारंटी और भ्रामक विज्ञापनों पर भी रोक होगी। यह जरूरी है, क्योंकि अब तक कई संस्थान बिना जवाबदेही शिक्षा बेच रहे थे। मगर असली सवाल पंजीकरण नहीं, निरीक्षण है। निरीक्षक कम और संस्थान हजारों हुए तो कागजों पर सब ठीक, जमीन पर सब पहले जैसा रह सकता है। कानून की स्याही तभी असरदार है, जब निगरानी की आंख खुली रहे।



प्रो. आरके जैन अरिजीत

रोज पांच घंटे की कोचिंग सीमा राहत देती है। सुबह बहुत जल्दी और रात देर तक कक्षाएं नहीं चलेंगी। साप्ताहिक अवकाश होगा और छुट्टी के अगले दिन टेस्ट नहीं लिया जा सकेगा। मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग और एप्टीट्यूड टेस्ट अनिवार्य होंगे।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

## बिकिनी पहन पूल में उतरीं वाणी कपूर, तस्वीरें देख फैंस बोले-तबाही

बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री वाणी कपूर अपकमिंग फिल्म बदतमीज गिल को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने फैंस को अपनी पोस्ट के जरिए तोहफा दिया है। अभिनेत्री ने बिकनी में शानदार पोज दिए हैं। यूजर्स उनकी तस्वीरों की तारीफ कर रहे हैं।



वाणी कपूर अपने 38वां जन्मदिन के खास मौके पर उन्होंने ब्लू बिकनी में अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह स्वीमिंग पूल में पोज दे रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में वह स्वीमिंग पूल के किनारे बैठी हैं। एक और तस्वीर में उन्होंने अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाया है।

इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा...

सूरज के चारों ओर एक और साल। चीजों को समझने की कम कोशिश कर रही हूं। पलों को जीने पर ज्यादा ध्यान दे रही हूं। ज्यादा जिंदगी, ज्यादा हंसी-खुशी और आगे आने वाली हर चीज के लिए तैयार हूं।

वाणी कपूर ने अपनी तस्वीरें पर सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। उनकी तस्वीरों पर राशी खन्ना ने फायर वाला इमोजी कमेंट किया है। वहीं निमरत कौर ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। एक फैन ने लिखा बॉलीवुड की सबसे हॉट अभिनेत्री। एक और यूजर ने उन्हें तबाही कहा है। आपको बता दें कि वाणी कपूर ने शुद्ध देसी रोमांस से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह फिल्म बदतमीज गिल में नजर आने वाली हैं। इसमें उनके साथ अपारशक्ति खुराना और परेश रावल होंगे। वह जल्द ही फिल्म सर्वगुण संपन्न का हिस्सा होंगी।





# मोबाइल की घातक चाह का आत्मघाती दलदल और दम तोड़ते नौनिहाल

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से आई हालिया हृदयविदारक घटना ने आधुनिक समाज की बुनियाद को हिलाकर रख दिया है। एक उन्नीस वर्षीय किशोर ने महज एक महंगे आईफो की मांग पूरी न होने पर पहाड़ी की चोटी से छलांग लगा दी। उसे बचाने की तीन घंटे की मर्मभेदी कोशिशों के बीच पिता ने उसे पकड़ना चाहा, पर दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे सैकड़ों फीट गहरी खाई में जा गिरे। इस भयावह मंजर को अपनी आंखों से देखने वाली बेबस मां ने भी बदहवास होकर मौत की उसी खाई में छलांग लगा दी। चंद पलों में, एक स्मार्टफोन की जिद ने हंसते-खेलते पूरे परिवार का अस्तित्व ही मिटा दिया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। कुछ ही समय पहले गाजियाबाद में तीन सगी बहनों द्वारा डिजिटल लत और मानसिक तनाव के चलते की गई सामूहिक खुदकुशी की घटना ने भी देश को झकझोर दिया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 10 साल के मासूम बच्चे की रील देखते-देखते अचानक दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत ने तो चिकित्सा जगत को भी हैरत में डाल दिया है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में पुरानी मोबाइल बैटरी के फटने से मासूम की जान जाने का मामला हो या ऑनलाइन गेम में पैसे हारने पर किशोरों द्वारा उठाए जाने वाले आत्मघाती कदम; ये सभी घटनाएं चिल्ला-चिल्लाकर कह रही हैं कि 'मोबाइल की चाह' अब सिर्फ एक लत नहीं, बल्कि हमारे नौनिहालों के लिए एक जानलेवा महामारी बन चुकी है।

आखिर वह कोमल बचपन, जो कभी तितलियों के पीछे भागने, कागजों की कश्ती तैरने और गलियों में मिट्टी से सराबोर होने में अपनी खुशी ढूंढता था, आज पांच इंच की इस कांच की स्क्रीन का गुलाम कैसे हो गया? यह सवाल आज हर उस घर का है जहां एक बच्चा चौबीस घंटे अपनी उंगलियों को स्क्रीन पर सरकाता रहता है।

सरकार के आधिकारिक आर्थिक सर्वेक्षण तक में इस समस्या को एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में चिह्नित किया चुका है। डॉक्टरों और न्यूरोलॉजिस्ट्स का स्पष्ट मानना है कि किशोरावस्था में बच्चों का मस्तिष्क पूरी तरह विकसित नहीं होता है। ऐसे में अत्यधिक और अनियंत्रित डिजिटल एक्सपोजर उनके सोचने की क्षमता को विकृत कर देता है। उनमें आवेग और चिड़चिड़ापन इस कदर बढ़ जाता है कि वे 'ना' सुनने की क्षमता पूरी तरह खो देते हैं। किसी वस्तु की मांग पूरी न होने पर या ऑनलाइन दुनिया में खुद को कमतर पाने पर वे सीधे अपनी



अशोक भाटिया

जीवनलीला समाप्त करने जैसा भयावह कदम उठा लेते हैं।

इस विकट स्थिति के लिए किसी एक पक्ष को जिम्मेदार ठहराकर हम अपनी सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकते। इसके जिम्मेदार कई स्तरों पर मौजूद हैं। सबसे पहली और प्राथमिक जिम्मेदारी माता-पिता की है। आधुनिक जीवनशैली की भागदौड़, काम के दबाव और अपनी व्यक्तिगत व्यस्तताओं के कारण पेरेंट्स ने स्मार्टफोन को एक 'सस्ते बेबीसिटर' या 'डिजिटल लोरी' के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। बच्चा रोया नहीं कि उसके हाथ में फोन थमा दिया गया, बच्चा खाना नहीं खा रहा तो स्क्रीन पर कार्टून चला दिया गया। शुरूआती दौर में जिस स्क्रीन को बहलावे का साधन समझा गया, वह धीरे-धीरे कब बच्चों के मानसिक तंत्र पर हावी हो गई, इसका अंदाजा अभिभावकों को तब लगता है जब पानी सिर से ऊपर बह चुका होता है। इसके साथ ही, बच्चों के स्क्रीन टाइम और वे इंटरनेट पर क्या देख रहे हैं, इस पर प्रभावी निगरानी रखने में पैरेंट्स पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।

इस मायाजाल के पीछे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों का व्यावसायिक लालच भी पूरी तरह जिम्मेदार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, रील्स, शॉर्ट्स और ऑनलाइन बैटल गेम्स का एल्गोरिदम इस तरह से डिजाइन किया जाता है जो सीधे मानवीय मस्तिष्क में 'डोपामाइन' के स्तर को नियंत्रित करे। यह बिल्कुल किसी मादक पदार्थ के सेवन जैसा है। जैसे ही यूजर एक रील स्क्रॉल करता है, उसे एक नया रोमांच मिलता है, जिससे उसे लगातार फोन देखते रहने की लत लग जाती है। इन कंपनियों के पास बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग या अश्लीलता से बचाने के लिए कोई ठोस और फुलप्रूफ सुरक्षा फिल्टर मौजूद नहीं हैं। उनके लिए बच्चे सिर्फ एक 'डेटा' और मुनाफे का जरिया हैं। हम एक ऐसे समाज में तब्दील हो चुके हैं जहां कंक्रीट के जंगलों के बीच बच्चों के लिए खेल के मैदान खत्म हो चुके हैं। एकल परिवारों के बढ़ते चलन और पड़ोसियों से संवादहीनता के कारण आज का बच्चा बेहद अकेला है। जब उसे घर के भीतर अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए कोई सजीव साथी, दादा-दादी या दोस्त नहीं मिलते, तो वह इस अकेलेपन को भरने के लिए स्मार्टफोन की आभासी दुनिया की शरण लेता है। यह आभासी दुनिया उसे झूठी तसल्ली तो देती है, लेकिन असल जिंदगी में उसे और अधिक संवेदनशून्य, आत्मकेंद्रित और कमजोर बना देती है।

स्मार्टफोन की लत सिर्फ जानलेवा हादसों या खुदकुशी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अंदर ही अंदर हमारी आने वाली पीढ़ी की मानसिक और शारीरिक क्षमता को घुन की तरह खा रही है। स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चों में अनिद्रा , आंखों की गंभीर बीमारियां, मोटापा और एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं आम हो चुकी हैं। इससे भी खतरनाक है उनका मानसिक स्वास्थ्य। जब एक बच्चा सोशल मीडिया पर दूसरों की 'परफेक्ट' जिंदगी या महंगे गैजेट्स देखता है, तो उसमें हीन भावना घर कर जाती है।

वह यह समझने में असमर्थ रहता है कि स्क्रीन पर दिखने वाली दुनिया बनावटी है। इसी हीन भावना के वशीभूत होकर वह अपने माता-पिता पर महंगे फोन या साधनों के लिए दबाव बनाता है, और इंकार मिलने पर चरम कदम उठा लेता है। छत्रपति संभाजीनगर की घटना हमारे लिए आखिरी चेतावनी की तरह है। अगर आज भी हमने अपनी आंखें नहीं खोलीं, तो डिजिटल एडिक्शन का यह अजगर न जाने कितने और परिवारों को निगल जाएगा। समाधान के लिए हमें एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। हर घर में 'नो-गैजेट जोन' और 'नो-मोबाइल ऑवर्स' निर्धारित होने चाहिए, जिसका पालन बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी करें। पैरेंटल ऐप्स और इंटरनेट फिल्टर्स का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए ताकि बच्चे की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — विदेश में जाकर रह सकते हैं, चिकित्सा, सिविल सेवा, टेक्नोलोजी के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, आत्मविश्वास उत्तम रहेगा। भाग्य प्रतिशत-83

**वृषभ** — कोर्ट केस में उलझ सकते हैं, रोग की चिकित्सा सम्भव हैं, यूरिक एसिड, एसिडिटी, पित्त समस्या सम्भव हैं, व्यवसाय में ग्राहक बढ़ेंगे आय उत्तम होगी। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** — स्वास्थ्य में सुधार होगा, अध्यापन, ढाबा, दाल मसाले, आटा चक्की, व्यवसाय चलेगा, अटके कार्य पूरे होंगे, काम की प्रशंसा भी होगी। भाग्य प्रतिशत-75

**कर्क** — आमदनी बढ़ेगी, नए लोगों में उठ बैठ होगी, पार्टी आदि में जाना सम्भव हैं, प्रशासन में रुतबा बढ़ेगा, घर में लोगों का ध्यान रखेंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**सिंह** — ससुराल पक्ष से फायदा होगा, कमर्शियल प्रॉपर्टी से आय होगी, बड़े पद की प्राप्ति सम्भव हैं, कार्य में क्या फायदा नुकसान होगा आकलन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या** — जिस काम को करना चाहते हैं भाग्य साथ देगा, लोग सहयोग देंगे, आर्मी, स्पेयर पार्ट्स, खनिज पदार्थ, भारी मशीनरी व्यवसाय लाभ देगा, आध्यात्मिक झुकाव, ज्ञान बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-83

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा, अभिलाषा पूरी होगी, रेडीमेड कपड़े, बुटीक, फूल, ब्यूटीशियन कार्य चलेगा, जीवन साथी की सरकारी नौकरी लग सकती है। भाग्य प्रतिशत-77

**वृश्चिक** — विरोधियों भारी पड़ेंगे, राजनीति में सफलता मिलेगी, गर्मी से बचें, सरकारी सेवा में चयन सम्भव हैं,जल्दी ही विदेश यात्रा हो सकती है, पैसा बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-78

**धनु** — मनोकामना पूरी होगी, ऐश्वर्य बढ़ेगा,मनपसंद विवाह, करियर सम्भव हैं, प्रशासनिक सेवा में नई जगह पोस्टिंग मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-84

**मकर** — पैसा कैसे कमाए रूपरेखा बनायेगे, आर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, खेती,जमीन प्रोपर्टी खरीदना बेचना लाभ देगा। भाग्य प्रतिशत-57

**कुंभ** — बड़े लोगों से मैत्री होगी,पिता की प्रोपर्टी मिल सकती है, वाहन बदलना, नया घर लेना, घर में मांगलिक कार्य संपन्न होगा, मन भी खुश रहेगा। भाग्य प्रतिशत-81

**मीन** — पैसा अधिक जुड़ेगा, रिश्तेदारों के यहां जाना हो सकता हैं, कठिनाई कम होगी, सहयोग मिलेगा, सिनेमा देख सकते हैं, किसी प्रिय से लंबी बातचीत होगी।



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर सीओ ने की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)**। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर जुलूस की व्यवस्थाओं और सुरक्षा को लेकर चर्चा की। बैठक में जुलूस के मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्राधिकारी ने लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान निर्धारित मार्ग और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी पुलिस-प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती के साथ आवश्यक निगरानी रखी जाएगी। बैठक में पुलिस अधिकारियों के अलावा मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं ने सफाई मित्रों को बांधी ईको फ्रेंडली राखी, लिया स्वच्छता का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)**। नगर पालिका परिषद चंदौसी और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नंबर नौ स्थित श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन के अवसर पर बंधन स्वच्छता का अभियान चलाया गया। इसमें स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।






छात्राओं ने सफाई मित्रों को स्वच्छ वेस्ट मटेरियल से तैयार ईको फ्रेंडली राखियां बांधकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कचरे को स्रोत पर अलग करने, प्लास्टिक का अनावश्यक उपयोग न करने और स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।प्रधानाध्यापिका अंजू गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल अभियान तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। इस दौरान नगर पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, शिक्षकगण और पालिका की टीम मौजूद रही।

# दिनभर रिमझिम बरसात से मौसम सुहाना, कई हिस्सों में जलभराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी (मयंक सक्सेना)**। मंगलवार को नगर में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। कभी तेज तो कभी हल्की बरसात के चलते मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली। सुबह से शुरू हुई बारिश का दौर दिनभर जारी रहा। लगातार बारिश के कारण नगर के कुछ हिस्सों में सड़कों पर हल्का जलभराव हो गया। इससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि तेज बारिश लंबे समय तक नहीं होने से अधिकांश स्थानों पर स्थिति सामान्य रही। बारिश के चलते बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कुछ कम दिखाई दी। मौसम में ठंडक आने से लोगों ने राहत महसूस की। किसानों के लिए भी बारिश को फसलों के लिए लाभकारी माना जा रहा है।

# ईद मिलादुन्नबी पर अमन-शांति की मिसाल पेश करें: इमाम-ए-शहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी**। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को लेकर इमाम-ए-शहर मोहम्मद नाजिम अशरफ अशरफी ने नगरवासियों और देशवासियों को ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि जुलूस के दौरान अमन, शांति और भाईचारे की मिसाल पेश करें तथा धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अनुशासन बनाए रखें।

इमाम-ए-शहर ने कहा कि जुलूस में शामिल होने वाले लोग वुजू करके और सर ढांपकर शामिल हों। जुलूस के दौरान डीजे की ध्वनि निर्धारित सीमा में रखी जाए और प्रशासन द्वारा निर्धारित समय का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित ढंग से निकाला जाए, जिससे नगर में आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश पहुंचे। उन्होंने अपील की कि जुलूस में नात-ए-नबी और सामाजिक कव्वाली का ही प्रयोग किया जाए। किसी भी प्रकार के गाने या अन्य संगीत का प्रयोग न किया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान नमाज का समय होने पर सभी डीजे तत्काल बंद कर दिए जाएं और नमाज अपने निर्धारित समय पर अदा की जाए।

इमाम-ए-शहर ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद मिलादुन्नबी का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति का संदेश देता है। इसलिए सभी लोग जुलूस में अनुशासन बनाए रखते हुए एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और चंदौसी की गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

## रक्षाबंधन पर यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने पर परिवहन विभाग सख्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)**। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन को लेकर परिवहन विभाग ने बस ऑपरेटरों व ऑटो-टेंपो संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ चतुर्वेदी की अध्यक्षता में उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, सम्भल में बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनपद के बस ऑपरेटरों, प्रतिनिधियों एवं ऑटो-टेंपो स्टैंड संचालकों ने भाग लिया। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक वसूली न की जाए और यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। साथ ही स्टैंड से संचालित यात्री वाहनों के चालकों व परिचालकों का चरित्र सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग, तेज गति से वाहन चलाने, गलत ओवरटेकिंग तथा शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त रोक लगाने को कहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और परेशानी मुक्त आवागमन उपलब्ध कराना है।

# राज्य मेले में दिखी भारत की सांस्कृतिक विविधता, अभिभावकों ने सराहा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)**। एबीसी किड्स मांटेसरी में मंगलवार को दो दिवसीय अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के पहले दिन राज्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों और शिक्षिकाओं ने देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, खान-पान, प्रसिद्ध स्मारकों और कलाकृतियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा और उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों की झांकियां सजाई गईं। अभिभावकों ने झांकियों का अवलोकन कर बच्चों और शिक्षिकाओं की मेहनत की सराहना की। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता में एकता से है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलता है।

पीटीएम के दौरान अभिभावकों ने शिक्षिकाओं से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और सर्वांगीण विकास को लेकर भी चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# बाल श्रमिकों को चिन्हित कर योजनाओं से जोड़ने के निर्देश

बुलन्द सन्देश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)**। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन और श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अधिकारियों को बाल श्रम रोकने के लिए आपसी समन्वय से प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनके पुनर्वास के साथ ही शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक प्रचार-प्रसार करने और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम से जुड़े मामलों में कार्रवाई के साथ बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उनके परिवारों को भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में पात्र श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर जोर दिया गया। सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में पात्र श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए पंजीकरण की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग किया जाए, ताकि श्रमिक और उनके परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठकों के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राखी, घरेलू उपयोग की सामग्री और मसालों का स्टाल लगाया। सीडीओ ने अधिकारियों व कर्मचारियों को समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की



खरीद के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल समेत अधिकारियों को समूह की महिलाओं ने राखी बांधी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टाल से करीब 15 हजार रुपये की सामग्री खरीदी। बनियाखेड़ा की यादवती मौर्य, बहजोई की राखी शर्मा और रजपुरा की रूपवती द्वारा तैयार उत्पाद स्टाल पर बिक्री के लिए रखे गए थे। सीडीओ ने कहा कि ऐसे प्रयासों से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके उत्पादों को बाजार मिलता है। इससे ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इसे लखपति दीदी योजना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मो. आजम, वरिष्ठ सहायक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, कनिष्ठ सहायक ललित कुमार, प्रयत्न संस्था के गौरीशंकर चौधरी समेत संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शासन स्तर से 5 बीआरसी केंद्र की मरम्मत हेतु 55 लाख की लिमिट जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। मंगलवार,जिले के 5 ब्लॉक संसाधन केंद्र के बृहद मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण हेतु शासन स्तर से पचपन लाख तितालीस हजार छः सौ तीन रुपए की लिमिट जारी कर दी गई है। जिला समन्वयक निर्माण सचिन सक्सेना ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशो के क्रम में जिले स्तर पर प्राप्त लिमिट जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नामित निर्माण कार्यदाई संस्था के खातों में नियमानुसार प्रेषित की जायेगी।

उक्त के पश्चात कार्यदाई संस्था द्वारा नियमानुसार निविदा आमंत्रित करते हुए कार्य कराया जाएगा। डीसी के अनुसार विगत 20 वर्ष पूर्व बने जिले के 5 खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों यथा गुनौर, रजपुरा, बनियाखेड़ा, बहजोई एवं असमोली में अद्यतन कभी भी बृहद मरम्मत में धनराशि प्राप्त नहीं हुई थी। जिस हेतु तत्कालीन जिलाधिकारी के प्रयास से कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश अभियंत्रण एवं श्रम सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा आगणन तैयार करवाकर शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिल गई है।

उपर्युक्त कार्यों में छत की वृहद मरम्मत तथा डेम्प प्रूफिंग का कार्य तथा छजलियों पर आकर्षक खपरैल का कार्य मीटिंग हाल का सौंदर्यकरण, क्षतिग्रस्त प्लास्टर की मरम्मत आदि कार्य कराए जाने हैं। खिड़कियों पर मच्छर जाली आदि कार्य करवाए जाने हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही जिलाधिकारी को पत्रावली प्रस्तुत कर कार्यदाई संस्था नामित करवाते हुए कार्य आरम्भ कराया जाएगा।

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर छात्राओं ने कोतवाली प्रभारी को बांधी राखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी**। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बीएमजी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक संत कुमार को राखी बांधी। छात्राओं ने उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की शुभकामनाएं दीं और पुलिस से महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा का भरोसा जताया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों और छात्राओं के बीच आत्मीयता का माहौल रहा।



छात्राओं ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेने का भी अवसर है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल

पत्र संख्या 928/ नि0वि0/2026 दिनांक 24.08.2026

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य की ई- निविदा दिनांक 07.09.2026 को 01:00 PM बजे तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| क्र0 स0 | नगर पालिका / NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 25.08.2026 6 PM | |
| 02 | | Tender Download | 25.08.2026 6 PM | |
| 03 | | Bid Submission | 25.08.2026 6 PM | |
| 04 | Close of Bid | | | 07.09.2026 1 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 07.09.2026 2 PM |

वेबसाईड http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिंडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**संभल**


पुरस्कृत

## बेटी डॉ. अक्सा अमानी के 3 वर्ष पूर्ण होने पर तिथि भोज

# सहायक अध्यापिका की इस पहल ने सभी का हृदय जीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अध्यापिका ने अपनी बच्ची के जन्मदिन के उपलक्ष्य में, विधालय के बच्चों को कराया भोजन**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )**। पंवासा विकास खंड के गांव कासमपुर जगरुप के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका मीना मैडम द्वारा अपनी सुपुत्री डॉ. अक्सा अमानी के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिथि भोज एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत सुंदर राखियां बनाईं। राखी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। मीना मैडम ने बताया कि तिथि भोज का मुख्य उद्देश्य अपनी बेटी की खुशी को स्कूल के बच्चों के साथ साझा करना है। इएड साहब ने इस पहल की सराहना करते हुए नन्ही अक्सा को आशीर्वाद दिया।

प्रा. वि. कासमपुर जगरूप में मीना मैडम की बेटी डॉ. अक्सा अमानी (3 वर्ष) के जन्मदिन पर तिथि भोज व राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन।

प्रोग्राम के मुख्य अतिथि इएड अंशुल कुमार ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया , पुरुस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे।

# व्यापार बंधु बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर डीएम ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने बूरा बाजार में विद्युत पोल हटवाने, अतिक्रमण पर प्रभावी रोक लगाने तथा बाट एवं माप विभाग से संबंधित कार्यवाही को प्रभावी ढंग से कराने सहित विभिन्न प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में लाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यापारियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में काला आम से जिला अस्पताल तक नालों की सफाई कराने तथा खुले नालों को ढकने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त मार्ग के नालों की नियमित एवं प्रभावी सफाई कराई जाए तथा खुले नालों को शीघ्र कवर कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में



व्यापारियों द्वारा उठाए गए सभी प्रकरणों का अगली बैठक से पूर्व प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार सिंह, एसपी सिटी अभिषेक प्रताप अजेय, नगर मजिस्ट्रेट जगदम्बिका प्रसाद पाण्डेय, उपायुक्त राज्य कर बबुलेश तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं व्यापार बंधु उपस्थित रहे।

# खुर्जा में 25 हजार के इनामी बदमाश से पुलिस की मुठभेड़,जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल, अवैध तमंचा-कारतूस और बाइक बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** खुर्जा नगर क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 25









हजार रुपये के इनामी बदमाश से थाना खुर्जा नगर पुलिस और स्वाट टीम देहात की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, सोमवार रात चन्द्रपुर कॉलोनी के पास पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार एक संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

पुलिस का दावा है कि घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान लखन उर्फ अरुण पुत्र राजेन्द्र, निवासी ग्राम झमका, थाना खुर्जा नगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है बताया गया है कि लखन उर्फ अरुण पर 21 अगस्त को खुर्जा नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। उसकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामले भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# अनूपशहर में विकसित भारत रोजगार गारंटी मिशन को लेकर पंच सम्मेलन आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** विकासखंड अनूपशहर में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (बीबी जी राम जी) के अंतर्गत पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में खंड विकास अधिकारी मनीष मिश्र एवं तकनीकी सहायक सुनील गोयल ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विधायक संजय शर्मा ने भी ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों और इसके लाभों के बारे में बताया।




विधायक ने कहा कि रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से श्रमिकों को बाहर जाना पड़ता है। केंद्र सरकार की इस पहल का उद्देश्य गांव में ही श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर काम मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो।सम्मेलन में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, ग्राम प्रधान मनोज गिरी, सत्येंद्र सिंह, प्रमोद कुमार मीणा, महेश राघव, निजाम खान, धर्मपाल सिंह, मानक चंद एवं लव कुश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी ओम गोस्वामी ने किया।

# जागा खाद्य सुरक्षा विभाग औरंगाबाद में मिठाई विक्रेता के यहां हुई सैंपलिंग, तीन सैंपल लिए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औरंगाबाद में एक मिष्ठान विक्रेता के यहां जांच पड़ताल कर तीन सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई से बाजार में खासकर मिठाई विक्रेताओं में खलबली मच गई। कार्रवाई जारी है।

आंख कान नाक बंद किए सोया खाद्य सुरक्षा विभाग आखिर नींद से जाग उठा। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी राममिलन राना के नेतृत्व में विभागीय टीम ने औरंगाबाद मेनबाजर स्थित अग्रवाल स्वीट्स के यहां पहुंच कर बन रही मिठाइयों का आक्समिक निरीक्षण किया। साथ ही मावा, छेना मिठाई और घेवर का सैंपल लिया। साफ सफाई व्यवस्था आदि का जायजा लिया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कौशल, कमलेश



कुमार यादव और सुपरवाइजर बिहारी लाल शुक्ला शामिल रहे। कार्रवाई जारी है।

# बी.पी.मंडल की जयंती पर सपा ने सामाजिक न्याय का संकल्प दोहराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** जिला कार्यालय समाजवादी पार्टी पर





मंगलवार को मंडल कमीशन के चेयरमैन एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बी.पी. मंडल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि बी.पी. मंडल ने सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कार्य किया।


मंडल आयोग की सिफारिशों ने सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के सम्मान की लड़ाई को लगातार आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पीडीए के माध्यम से सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत कर रहे हैं।

# 174 अधिकारी-कर्मचारी मिले अनुपस्थित, डीएम ने दिए वेतन रोकने और कारण बताओ नोटिस के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** शासन के निदेर्शानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करने तथा आमजन की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष के निर्देशन में मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय से कार्यालय में उपस्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल ने परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त मनरेगा/श्रम रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद तथा परियोजना प्रभारी यूपीनेडा सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इन कार्यालयों में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित मिले। वहीं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति में 4, जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में 3, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में 1, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) कार्यालय में 2, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में 1, कौशल विकास मिशन कार्यालय में 3, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अधिशासी अभियंता सहित 2, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कार्यालय में 2, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में 1, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में अधिकारी सहित 3, सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में अधिकारी सहित 2, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 6, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में अधिकारी सहित 2, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) कार्यालय में 1, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण कार्यालय में अधिशासी अभियंता सहित 5, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में 2 तथा सेवायोजन अधिकारी कार्यालय में जिला सेवायोजन अधिकारी सहित 4 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस



ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त को 24 अगस्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रकाश भारती पुत्र उमेश भारती, निवासी ग्राम रामगढ़, थाना औरंगाबाद, जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। वह थाना कोतवाली देहात में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 641/2026, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि प्रकाश भारती के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में बीएनएस और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित कुल तीन मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह, उपनिरीक्षक अमित पटेरिया, हेड कांस्टेबल गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल बिजेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल बलजोर सिंह और कांस्टेबल विशाल कुमार शामिल रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने स्वामी अवधेशानंद गिरी का बुलंदशहर आगमन पर किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के बुलंदशहर जनपद के स्याना आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कांग्रेस नेता नरेंद्र त्यागी के आवास पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी अवधेशानंद गिरी ने जियाउर्रहमान को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज से धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संत-



महात्माओं का मार्गदर्शन समाज को सद्भाव, सेवा और मानव कल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्वामी अवधेशानंद जी के विचार समाज, राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोते हैं, संत किसी वर्ग, संप्रदाय के नहीं होते अपितु वह सभी के होते हैं ।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द तथा समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र त्यागी, नईम मंसूरी, आशु कुरैशी, साजिद चौधरी, नजमी चौधरी, मुफ्ते हसन, फहीमुद्दीन मेवाती, मुनीत चौधरी, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# खुर्जा में पुलिसकर्मियों ने पेश की इंसानियत की मिसाल, घायल अंकुर को किया रक्तदान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** खुर्जा नगर क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल हुए अंकुर चौधरी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उपचार के दौरान अचानक खून की कमी होने पर उन्हें तत्काल O NegÔtive ब्लड ग्रुप की आवश्यकता पड़ी।

जानकारी मिलते ही थाना खुर्जा देहात में तैनात उपनिरीक्षक पंकज और थाना खुर्जा नगर में तैनात हेड कांस्टेबल मोहम्मद जावेद तत्काल अस्पताल पहुंचे और जरूरतमंद घायल अंकुर चौधरी के लिए रक्तदान किया। पुलिसकर्मियों के इस मानवीय कदम से समय पर रक्त उपलब्ध हो सका। पुलिस की तत्परता और इंसानियत की परिजनों ने सराहना करते हुए बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त किया और भूरि-भूरि प्रशंसा की।



**विमोचन** | समकालीन हिंदी कहानियों का सामाजिक यथार्थ पुस्तक के विमोचन पर साहित्यप्रेमियों ने दी बधाई

# डीएनपीजी कॉलेज गुलावठी में डॉ.संदीप कुमार सिंह की पुस्तक का विमोचन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** डीएनपीजी कॉलेज, गुलावठी में हिंदी विभाग से जुड़े डॉ. संदीप कुमार सिंह द्वारा रचित पुस्तक समकालीन हिंदी कहानियों का सामाजिक यथार्थ का विमोचन किया गया। पुस्तक के विमोचन पर महाविद्यालय के शिक्षकों, साहित्यप्रेमियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉ. संदीप कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विमोचन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समकालीन हिंदी कहानी समाज में घटित हो रहे विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय बदलावों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती है। ऐसे में डॉ. संदीप कुमार सिंह की पुस्तक समकालीन हिंदी कहानियों में




मौजूद सामाजिक यथार्थ को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

वक्ताओं ने पुस्तक की विषय-वस्तु की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक परिस्थितियों, समस्याओं और बदलते मूल्यों को सामने रखने का सशक्त माध्यम भी है। समकालीन कहानियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों, उनकी चुनौतियों और बदलते सामाजिक सरोकारों को समझने में यह पुस्तक पाठकों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार सिंह ने पुस्तक लेखन के उद्देश्य और इसकी विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं साहित्यप्रेमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समकालीन हिंदी साहित्य में सामाजिक यथार्थ के विभिन्न रूपों को समझना आज के समय में बेहद प्रासंगिक है। पुस्तक के विमोचन पर उपस्थित लोगों ने डॉ. संदीप कुमार सिंह के साहित्यिक प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का वातावरण साहित्यिक एवं बौद्धिक चर्चा से सराबोर रहा।

# रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में बढ़ने लगी रौनक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** रक्षाबंधन पर्व के नजदीक आते ही नगर के बाजारों में चहल-पहल नजर आने लगी है। नगर के बाजार में दुकानों पर रंग बिरंगी राखियां

- राखी की दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंच रही महिलाएं
- चांदी की राखियां भी बाजारों में उपलब्ध
- 28 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व

दिखाई देने लगे हैं तथा बाजार में राखियो की बिक्री शुरू हो गई है। दुकानों पर विभिन्न तरह की राखियां बहनों को लुभा रही हैं। दुकानों पर सजावट के साथ-साथ तेज रोशनियों में राखियों और अन्य तोहफो की चमक



है। लोग 28 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्यौहार मनाएंगे। भाई बहन के रिश्ते का यह सबसे खास त्यौहार है। मंगलवार को भी नगर के बाजारों में राखियों की खरीदारी की गई। बाजार में कलावा राखी से लेकर नग वाली धागा राखी मेटल की राखी और झारखंड से बनी नग जड़ी राखियां खास तौर से पसंद आ रहे हैं।बाजारों में भी राखियो की भरमार है। रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों के लिए कार्टून की राखियां आई है। इसमें डोरेमोन मोगली मोटू पतलू सहित अन्य काटूनों की राखियां हैं। ऐसे में बच्चे भी इन राखियों को खूब खरीद रहे हैं। वही मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा सकती है। वही सराफा दुकानों पर भी चांदी की राखियां महिलाओं को खूब लुभा रही हैं। चांदी की राखी की कीमत 2500 से लेकर 5000 तक है।

# हापुड़ के दो खिलाड़ियों से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को आयोजित होने वाले खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद करेंगे। हापुड़ में यह कार्यक्रम मोनाड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जहां जिले की खिलाड़ी हिमानी संद्ध और मयंक कुमार प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा। उप क्रीड़ा अधिकारी अरुणा सिंह और जिला युवा अधिकारी एकता मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री का वर्चुअल




संबोधन सुबह आठ बजे से चयनित 150 जिलों के शिक्षण संस्थानों में शुरू होगा। मोनाड विश्वविद्यालय में कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।प्रधानमंत्री के संवाद के बाद स्थानीय स्तर पर युवा संवाद आयोजित होगा। इसमें खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं, प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और आगामी ओलंपिक व राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। युवा अपने सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। सुझावों को दर्ज कर आगे भेजा जाएगा। कार्यक्रम को लेकर खिलाड़ियों और युवाओं में खासा उत्साह है।

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालय अच्छेजा का किया औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिलाधिकारी के द्वारा दिल्ली रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय अच्छेजा का औचक निरीक्षण

- जिलाधिकारी ने बच्चों की परखी शैक्षिक गुणवत्ता
- डीएम ने मिडडेमिल मेन्यू का बोर्ड नहीं लगा होने पर प्रधानाध्यापक को लगाई फटकार
- बीएसए को यूनिफार्म व पुस्तकें वितरण कराने के दिये निर्देश

किया गया। जिसमें डीएम द्वारा बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता परखी,साथ ही विद्यालय में मिडडेमिल





मेन्यू का बोर्ड नहीं लगा होने पर प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार भी लगाई।

मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना ग्राम अच्छेजा में संचालित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंची,निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों की उपस्थिति,अध्यापकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,साफ-सफाई, शौचालय,पेयजल व्यवस्था एवं शिक्षण कार्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली और बच्चों से सवाल-जवाब किए। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का मेन्यू बोर्ड पर न लगा होने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाई तथा निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी को निर्देश दिए कि विद्यालय में पुस्तकों का वितरण एवं यूनिफार्म का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। साथ ही बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाया जाए।

# मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाये सभी विभाग: डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना ने जिला पर्यावरण समिति,जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी कविता मीना ने वृक्षारोपण

**जिले में संचालित इंडस्ट्रीज के एसटीपी के संचालन का औचक निरीक्षण करें**

वर्ष 2026-27 के दौरान किये गए वृक्षारोपण के संदर्भ में समिति अध्यक्ष द्वारा जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया गया,कि सभी विभाग मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे लगा कर जीवितता शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें तथा पौधों की जियोटैगिंग का कार्य दो दिन में पूर्ण कराए।

उन्होंने जनपद में प्लास्टिक वेस्ट का प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट के उन्मूलन के लिए प्लास्टिक एक्शन प्लान 2026 तैयार कर कार्य करने को निर्देशित किया



गया। समिति अध्यक्ष द्वारा जिला गंगा समिति के अंतर्गत जिले में स्थापित सभी एसटीपी को सुचारू रुप से संचालित करने हेतु टीम गठित कर निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गाजियाबाद/हापुड़ को भी जनपद स्थित सभी इंडस्ट्रीज के एसटीपी के संचालन का औचक निरीक्षण कर सूचना शीघ्र प्रेषित करने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी,संदीप कुमार अपर जिलाधिकारी,गौतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी,अनवर शेख जिला विकास अधिकारी,विरेन्द्र कुमार अपर सांख्यिकी अधिकारी, शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी,विपुल कुमार प्रतिनिधि क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,पर्यावरणविद् भारत भूषण लोक भारती व जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनपद हापुड़ को भी मिले इलेक्ट्रिक बस सेवा, यूपी के परिवहन मंत्री को पत्र सौंपकर उठाई मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरठ-गाजियाबाद के बीच चल रही इलेक्ट्रिक बस सेवा को विस्तार जनपद हापुड़ तक देने की मांग उठने लगी है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व लोकसभा विस्तारक सागर प्रजापति ने इस संबंध में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र सौंपकर जनहित में हापुड़ को भी इस सुविधा से जोड? का अनुरोध किया है।

सागर प्रजापति ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में मेरठ से गाजियाबाद तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। यदि इस सेवा को गाजियाबाद से आगे हापुड़ शहर तक बढ़ा दिया जाए तो हापुड़ के हजारों नागरिकों, युवाओं और नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा



कि हापुड़ से प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा नौकरी और व्यवसाय के लिए गाजियाबाद,नोएडा और दिल्ली-एनसीआर आते-जाते हैं। निजी वाहनों पर निर्भर रहने से समय और धन दोनों की बबार्दी होती है। हापुड़ के जुडने से यात्रियों को सुरक्षित,सुविधाजनक और किफायती परिवहन मिलेगा और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। सागर प्रजापति ने मंत्री से संबंधित अधिकारियों को हापुड़ तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन के लिए दिशा निर्देश देने की मांग की है।

# जल निगम ने खोदी सड़क,भरना भूला,लोग परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** नगर के मेरठ रोड स्थित पॉश कॉलोनी संजय विहार आवास विकास में जल विभाग की घोर लापरवाही से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

जानकारी के अनुसार जल निगम विभाग

**संजय विहार आवास विकास में एक महीने से गड्ढों में फंस रहे वाहन**

द्वारा करीब एक महीने पहले पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए पूरी कॉलोनी की मेन रोड और फुटपाथ को खोद दिया गया,लेकिन काम खत्म होने के बाद गड्ढों को आज तक भरा नहीं गया। हालत यह है कि पूरी सड़क जगह-जगह से धंस गई है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। फुटपाथ पर पैदल चलना भी मुश्किल है। बुजुर्गों और बच्चों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है।

कालोनीवासियों ने बताया कि गड्ढों की





वजह से रोजाना लंबा जाम लग रहा है। दोपहिया वाहन चालक और कारें गड्ढों में फंस कर गिर रहे हैं। अब तक आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। बरसात में तो हालत और भी बदतर हो जाती है, गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे गहराई का पता ही नहीं चलता। लोगों का आरोप है कि इस कॉलोनी से रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग और कई प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरते हैं, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। कई बार जल निगम और नगर पालिका में शिकायत की गई,लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है, काम नहीं। कॉलोनीवासियों ने जिलाधिकारी कविता मीना से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए और लापरवाह ठेकेदार व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

# किसान नेताओं से थर्ड डिग्री का आरोप : कलेक्ट्रेट पर गुर्जर महासभा का कलेक्ट्रेट पर जोरदार धरना प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** किसान नेता दिग्विजय सिंह भाटी और मोहित जाटव के साथ पुलिस हिरासत में कथित मारपीट और थर्ड डिग्री देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसी मामले

- सीएम योगी को ज्ञापन भेजकर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई
- चेतावनी दी,आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होने पर 32 गांव की जनता करेगी आंदोलन

को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर,प्रदेश महामंत्री पवन हूण गुर्जर और जिलाध्यक्ष जितेंद्र नागर के नेतृत्व में सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश त्यागी ने की। सीएम योगी को भेजे गये ज्ञापन में महासभा ने मांग की,कि पूरे मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए,थाने के सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सीज किए जाएं,दोनों नेताओं का स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड से परीक्षण हो व दोषी पुलिसकर्मियों को जांच तक निलंबित किया जाए। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस हिरासत में मारपीट मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 32 गांवों के साथ बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस मौके पर राजबीर भाटी,नीरज गुर्जर, महिपाल आर्य,ओमवीर नागर, राजबल गुर्जर, जयकरण बंसल, कोशिन्दर गुर्जर, सलेक चंद कसाना,विजय प्रधान, कटार सिंह, बिजेन्द्र कसाना, तेजेन्द्र शर्मा, रूपराम,ब्रह्म सिंह, बबली,सतवीर मावी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों ने जिलाधिकारी को बांधी राखी,रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम,विश्वास एवं रक्षा के बंधन का प्रतीक: कविता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर मोदीनगर रोड स्थित बेतेहस्दा क्रिश्चियन एकेडमी के बच्चों द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कविता मीना को तिलक लगाकर राखी बांधी और उनके



उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी कविता मीना ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें चॉकलेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम,विश्वास एवं रक्षा के बंधन का प्रतीक है। बच्चों द्वारा दिया गया यह स्नेह अत्यंत भावुक करने वाला है। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

# रक्षाबंधन पर महिला यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो : डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी कविता मीना एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों। इसके लिए सभी उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति एवं धर्म गुरुओं के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा,ड्रोन एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया सेल द्वारा अफवाहों पर कड़ी निगरानी की जाएगी।



जिलाधिकारी ने विद्युत, नगर पालिका, जल निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्बाध आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरागत कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। पूर्व की भांति ही आयोजित की जा रही शोभायात्रा को अनुमति दी जाए। शोभा यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को निर्देश दिए कि बसों की व्यवस्था समय से ही कर ली जाए। रक्षाबंधन के दिन महिला/यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा,अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी,सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# डीएम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मंगलवार को जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वार्डन को साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं के आवास,भोजनालय,शौचालय,पेयजल ,सुरक्षा व्यवस्था एवं शिक्षण कार्य का जायजा लिया तथा छात्राओं से भोजन की गुणवत्ता एवं पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इसी दौरान विद्यालय की छात्राओं ने जिलाधिकारी को

- बच्चों की दिये जाने वाले भोजन की परखी गुणवत्ता पढ़ाई के बारे में ली जानकारी
- छात्राओं के द्वारा जिलाधिकारी को बांधी गई राखी

जिलाधिकारी ने छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि यह राखी उनके लिए रक्षा एवं जिम्मेदारी का संकल्प है। जिलाधिकारी ने वार्डन





रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। को साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**छापामार कार्यवाही**

## मकान से दो नमूने क्रीम व एक वनस्पति ऑयल का भरकर जांच को भेजे

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 955 किग्रा.मिलावटी क्रीम नष्ट कराई: चन्द्रशेखर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़ ।** जिलाधिकारी कविता मीना निर्देश व चन्द्र शेखर मिश्र सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों टीम द्वारा जनपद में प्रतिदिन छापामार कार्यवाही की जा रही है। टीम ने क्षेत्र

- बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठान को कराया बंद
- जिले में मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री नहीं होने दी जायेगी

में एक मकान पर छापामार कार्यवाही कर मौके पर 955 किग्रा.मिलावटी क्रीम नष्टद कराई। साथ ही दो नमूने क्रीम व एक वनस्पति ऑयल का भरकर जांच को भेजे गये। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चन्द्र शेखर मिश्र ने बताया कि आर.पी. गंगवार, सोवेन्द्र सिंह पंघाल,सहरिश सादात,मोहित कुमार, आर.पी.गुप्ता,विपिन कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कुचेसर रोड चौपला फतेहपुर स्थित एक मकान में तुषार शर्मा निवासी ग्राम बनखण्डा निवासी द्वारा मिलावटी क्रीम तैयार करने की सूचना पर औचक छापा मारकर 955 किग्रा. मिलावटी क्रीम बरामद की गयी जो रिफाइन्ड, सप्रेटा दही एवं अल्प मात्रा में असली क्रीम मिलाकर तैयार की जाती है,इसका उपयोग देशी घी बनाने





एवं बटर के रूप मे किया जाता है। उक्त समस्त मिलावटी क्रीम को नष्ट कराया गया,जिसकी अनुमानित मूल्य 143250 रुपये है। उक्त प्रतिष्ठान से 02 क्रीम एव 01 वनस्पति का नमूना संग्रहित किया गया है। साथ ही उक्त प्रतिष्ठान बिना खाद्य लाईसेंस प्राप्त किये संचालित था,जिसको तत्काल मौके पर ही बन्द करा दिया गया है। साथ की उक्त प्रतिष्ठान स्वामी के विरूद्ध बिना खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करने के जुर्म में वाद दायर किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त समस्त नमूनों को जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही उक्त अभियान निरन्तर चलता रहेगा। जनपद में किसी भी कीमत पर मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री नहीं होने दी जायेगी।

# एसएसपी ने छात्र-छात्राओं को दिया करियर निर्माण का मार्गदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़। हरदुआगंज।** किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ ने अग्रसेन इंटर कॉलेज, हरदुआगंज में मंगलवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉ प्रवीण कुमार सिंह यादव ने बच्चों से बात कर उनके सवालों के जवाब दिए स्कूल के एन सी सी छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप सही करियर विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देना रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने कहा कि आप सभी युवाओं को सोशल मीडिया अकाउंट को बंद कर देना चाहिए तथा मोबाइल से दूर रहकर किताबों को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए किताब पढ़ने से अनेक फायदे होते हैं तथा सब्जेक्ट पर पकड़ मजबूत होती है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक प्रवीण कुमार कार्यक्रम में शारदा ग्रुप के आतिफ सिद्दीकी, महर्षि विद्या मंदिर के सुधीर सिंह, राजनारायण जी एवं डॉ. शैलेन्द्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद किया। वक्ताओं ने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि कक्षा 10 वीं और 12वीं के बाद लिया गया सही निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर करियर का चुनाव करना चाहिए। तथा रुचि$क्षमता$अवसर$आर्थिक संभावना के सिद्धांत को जीवन में लागू करना चाहिए।

आतिफ सिद्दीकी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न करियर विकल्पों को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। विद्यालय में आयोजित इस करियर काउंसलिंग कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। उन्होंने 21 दिनों का टाइम टेबल बताया और उसे अनुशरण करने पर जोर दिया। महर्षि विद्या मंदिर के सुधीर जादौन ने कहा कि डिग्री$स्किल$अनुभव के सिद्धान्त पर जोर दिया उन्होंने कहा बच्चों पढ़ने का समय, और स्थान निश्चित रहना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से रविन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में मैरिस रोड स्थित शहनाई मैरिज होम में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी, ब्रजप्रांत उत्तर प्रदेश, श्री कुनाल चौधरी जी के प्रथम बार अलीगढ़ आगमन पर अलीगढ़ जिला एवं महानगर कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में मैरिस रोड स्थित शहनाई मैरिज होम में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम हुआ क कार्यक्रम में पहुँचने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह एवं महानगर अध्यक्ष नवेद खान ने श्री कुनाल चौधरी का फूलों की भारी माला व पगड़ी पहनाकर शौल उढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया कइसके साथ साथ कार्यक्रम में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह पर्यवेक्षक परवेज आरिफ टीटू व वीनेश साँवल, पूर्व विधायक विवेक बंसल, पूर्व प्रदेश महासचिव रूही जुबैरी व पूर्व राष्ट्रीय सचिव श्यौराज जीवन का पगड़ी पहनाकर शौल उढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका भी स्वागत किया गया क इससे पूर्व राष्ट्रीय सचिव कुनाल चौधरी के अलीगढ़ आगमन पर अलीगढ़ के रास्ते में मडराक टोल पर पश्चिम उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष में कुं० कृष्ण प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक गौड़, महानगर अध्यक्ष नवेद खान, राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह, रवि गुंजल, सहित काफी कांग्रेसजनों ने उनका भव्य स्वागत किया क

कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचने पर भारी कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए श्री कुनाल चौधरी ने कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष मा० मल्लिकार्जुन खड्गे जी, मा राहुल गाँधी जी के एक छोटे नुमाईंदे के रूप में आप लोगों के बीच आया हूँ और मेरी आप लोगों के बीच ये अपेक्षा है कि जिस तरह से हमारे नेता मा राहुल गाँधी जी पूरे देश में छात्रों, युवाओं, किसानों, गरीब शोषित मजदूर वर्गों की लड़ाई जनता के बीच में जाकर लड़ रहे हैं उसी प्रकार से मेरी आप लोगों से अपेक्षा है कि आप लोग भी उन्ही की तरह से संघर्ष करें क साथियों इस समय उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराधियों व समाजदोही लोगों की सरकार है और जनता इस सरकार से त्रस्त है और वो कांग्रेस की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है क इसलिए मेरा आप लोगों से आह्वान है



कि आप लोग एकजुट होकर पूरी क्षमताओं के साथ छात्रों, युवाओं, किसानों, गरीब शोषित मजदूर वर्गों की लड़ाई जनता के बीच में जाकर लड़ें और मुझे पूर्ण विशवास है कि आप लोगों के प्रयासों और संघर्ष से कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगी क

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव कुनाल चौधरी का स्वागत करते हुआ विवेक बंसल ने कहा कि आप मध्य प्रदेश से हैं वहां मात्र 8 वर्ष से सत्ता से बाहर हैं लेकिन उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पिछले लगभग 36 वर्षों से सत्ता से बाहर है लेकिन हमारे अलीगढ़ में कांग्रेसजनों का जूनून देखते ही बनता है चाहे भाजपा सरकार के विरुद्ध के कोई विरोध प्रदर्शन हो अथवा पार्टी का अर्यक्रम हो अलीगढ़ का कांग्रेस कार्यकर्ता काफी जोश के साथ उसमे भाग लेता है और मैं यहाँ तक समझता हूँ कि शायद पूरे उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जैसे जुनूनी कार्यकर्ता कुछ एक जिलों में ही होंगे इसके लिए मैं अलीगढ़ के कांग्रेसजनों को साधुवाद देता हूँ ।

# भौम प्रदोष में भूत-भावन महादेव का हुआ महारूद्राभिषेक, श्री सीताराम मंदिर दुबे का पड़ाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्रावण मास के भौम प्रदोष में मंगलवार को सभी पीठों का पूजन एवं मनकामेश्वर महादेव का 11 किलो गन्ने के रस से रूद्राभिषेक अवस्थी ज्योतिष संस्थान के आचार्यों ने विधि विधान से सम्पन्न करवाया और अवस्थी ज्योतिष संस्थान के आचार्य आदित्य नारायण अवस्थी ने बताया कि भगवान भोले नाथ बेलपत्र भांग धतूरा से ही प्रसन्न हो जाते है और श्रावण मास का अंतिम भौम प्रदोष व्रत मंगलवार के दिन पड़ने के कारण अत्यंत दुर्लभ और विशेष संयोग बनाशिव और हनुमान कृपा मंगलवार को होने के कारण इस दिन भगवान शिव के साथ-साथ संकट मोचन हनुमान जी की पूजा का भी विधान है।मंगल दोष निवारणः इस व्रत से कुंडली के मंगल दोष, कर्ज, और रक्त संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिलती है।प्रदोष काल पूजाः सूर्यास्त के समय (प्रदोष काल) में शिवलिंग का अभिषेक और बेलपत्र अर्पण करना सबसे शुभ माना जाता है। इसके बाद श्री मनकामेश्वर महादेव की भव्य महाआरती हुई एवं भंडारा हुआ मुख्य यजमान राकेश कुमार वार्ष्णेय विपिन त्रिपाठी ओम दुबे आचार्य राकेश भारद्वाज एवं वार्ष्णेय परिवार एवं अन्य भक्तगण शामिल हुए ।





# कावड़ यात्रा में दो बाईक सवारों की भिड़त,दो पहुंचाया अस्पताल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र के काजिमाबाद, जामुना, रायपुर स्टेशन,कासिमपुर, मंढोली, जखेरा जेसे प्रत्येक गाँव- कस्बों में से अत्यधिक भारी संख्या में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब। भारी संख्या में शिव भक्तों की टोली- टोलियों का जगह- जगह झुण्ड में से बम बम भोले की जयकारों के साथ रवाना होते हुए, नजर आए लेकिन उसी समय अनुपशहर रोड पर अचानक से दोनों तरफ से आ रही गाड़ियों में दो बाईकों की भयानक भिड़त तीन कावड़िया घायल और तत्पश्चात आसपास के सभी श्रद्धालु देखने पहुंचे जिसमें आने वाले बाइक सवार की हाथ व टांग टूट जाने से ज्यादा हालात गंभीर हालत होने के कारण दो को पहुंचाया अस्पताल, जगह- जगह तैनात पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में आनन फानन में देख-रेखकर दोनों लोगों को एंबुलेंस द्वारा मेडिगल पहुंचाया ।



# कप्तान ने किये पुलिसकर्मियों के तबादले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कप्तान नीरज जादौंन जनपद की कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। उन्होने मंगलवार, 25 अगस्त को कई पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए। इस दौरान कई प्रमुख थानों के प्रभारी भी बदले गए हैं। राजीव कुमार को बन्ना देवी से हटाकर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। हरिभान सिंह राठौर को हरदुआगंज से बन्ना देवी थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जोगेंद्र सिंह को हरदुआगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

तबादलों की श्रंखला में बालेन्द्र सिंह को लोधा से गोधा थाना प्रभारी, नरेन्द्र सिंह को गोधा से हटाकर लोधा थाना और कोतवाली के थानाध्यक्ष हेमंत मावी को पालीमुकीमपुर भेजा गया है। कप्तान ने महिला उपनिरीक्षक ज्योति श्रीवास्तव का तबादला किया। उन्हें एएचटी से अतरौली थाने में तैनाती दी गई है। तबादले में दर्जनों उपनिरीक्षकों और मुख्य आरक्षियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस लाइन और अलग-अलग थानों में तैनात पुलिसकर्मियों का भी स्थानांतरण के साथ-साथ चौकी प्रभारियों को दूसरी चौकियों की जिम्मेदारी मिली है। अकराबाद, गभाना, बन्ना देवी, सिविल लाइन, गांधी पार्क, बरला, गोंडा, गोरई, छर्रा, हरदुआगंज और पालीमुकीमपुर समेत कई थानों में नई तैनाती की गई है।




एसएसपी कार्यालय से जारी आदेश में सभी स्थानांतरित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित में पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनहित की खबरें प्रकाशित करने पर पत्रकार को धमकी देने का आरोप, थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** जनहित से जुड़े मुद्दों की कवरेज करने गए पत्रकार के साथ अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। पत्रकार आशीष कपूर ने थाना अतरौली में प्रार्थना पत्र देकर एक नामजद व्यक्ति समेत कुछ अज्ञात लोगों पर हंगामा करने, गाली-गलौज, धमकी देने और पत्रकारिता की छवि खराब करने के लिए भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। पत्रकार ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में पत्रकार आशीष कपूर ने बताया कि 20 अगस्त 2026 को वह अपने साथी पत्रकार मदन कुमार के साथ क्षेत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों की जानकारी जुटाने के लिए भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान अतरौली कस्बे से बहुसा मंदिर होते हुए रामघाट रोड की ओर जा रहे थे। रास्ते में फौजी पत्थर की दुकान के पास काफी भीड़ लगी हुई थी। पत्रकारों ने मौके की स्थिति को देखते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

आरोप है कि इसी दौरान सतीश पुत्र रामजी लाल वर्मा, निवासी मोहल्ला ब्रह्मनपुरी, टेडीन कच्चा, थाना अतरौली, अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां हंगामा कर रहा था। वीडियो बनते देख आरोपी कथित तौर पर भड़क गया और पत्रकारों के साथ अभद्रता करने लगा। प्रार्थना पत्र के अनुसार, आरोपी ने पत्रकार को अपशब्द कहे और आरोप लगाया कि वह बिकाऊ पत्रकार है तथा उसके हित में खबरें प्रकाशित नहीं करता।

**विरोध करने पर दी धमकी**

पत्रकार का आरोप है कि जब उन्होंने इस तरह की अभद्रता का विरोध किया तो आरोपी और उसके साथियों ने उन्हें धमकाया। आरोप है कि बाद में इन लोगों ने अपने निजी लाभ के लिए पत्रकार और उनके साथी के खिलाफ भ्रामक प्रचार करना शुरू कर दिया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि झूठे आरोपों और कथित गलत प्रचार के कारण उनकी पत्रकारिता की छवि प्रभावित हुई है और उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।



पत्रकार ने आरोप लगाया कि विरोध करने और शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। साथ ही भविष्य में बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम से उनकी सामाजिक और पत्रकारिता से जुड़ी प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

**50 लाख रुपये से अधिक की मानहानि का आरोप**

प्रार्थना पत्र में पत्रकार ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष द्वारा उनके और साथी पत्रकार मदन कुमार के संबंध में कथित रूप से भ्रामक एवं गलत प्रचार किए जाने से दोनों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने करीब 50 लाख रुपये से अधिक की मानहानि होने का भी आरोप लगाया है।

पत्रकार आशीष कपूर ने थाना प्रभारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ उनके कथित आपराधिक कृत्यों के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**पुलिस जांच के बाद स्थिति होगी स्पष्ट**

मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस यदि प्रार्थना पत्र पर जांच शुरू करती है तो मौके पर मौजूद लोगों के बयान, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

# ताले चटका कर घर में चोरी, नकदी-जेवर लेकर फरार हुए चोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** थाना बाला क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के सभी सदस्य रिश्तेदारियों में गए हुए थे और पीछे से अज्ञात चोरों ने मकान के ताले चटका दिए। चोर संदूक, अलमारी समेत घर में रखे सामान के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए।जानकारी के अनुसार गांव गाजीपुर निवासी मोहित चौधरी पुत्र विजयपाल चौधरी का परिवार किसी काम से रिश्तेदारियों में गया हुआ था। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान शाम करीब साढ़े पांच बजे कुछ युवक मौका पाकर घर में घुस गए।घर के सामने रहने वाली एक महिला को मकान के अंदर से आवाज सुनाई दी। महिला ने खिड़की से झांककर देखा तो कुछ युवक घर के अंदर चोरी करते नजर आए। महिला द्वारा आवाज लगाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने तत्काल इसकी सूचना मोहित चौधरी के परिजनों को दी।सूचना मिलने पर परिजन घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और संदूक व अलमारी सहित कई जगहों के ताले टूटे मिले। घर से नकदी और जेवरात चोरी होने की बात सामने आई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। चोरी गए सामान और नकदी की सही कीमत का आकलन परिजनों द्वारा किया जा रहा है।



# कृषि निर्यात नीतिः सीडीओ ने विकास भवन में की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति एवं भौगोलिक उपदर्शन (जीआई) समिति एवं एपीडा के समन्वय से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्षमता संवर्धन सह जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलास्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की बैठक आहुत की गई। बैठक का संचालन करते हुए ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक एवं सदस्य सचिव जनपदीय क्लस्टर सुविधा इकाई भगवती प्रसाद द्वारा कृषि निर्यात नीति एवं भौगोलिक उपदर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया गया कि जिले के लिए गेहूं, बाजरा, मक्का, धान, सरसों, आलू एवं हरी सब्जीयों और आम व अमरूद, पशु एवं डेयरी उत्पाद निर्यात के लिए चिन्हित उत्पाद हैं। जिले के कृषकों एफपीओ, एफपीसी द्वारा कम से कम पचास हैक्टेयर भूमि (एक विकास खण्ड में) के क्लस्टर बनवा कर उत्पादित कृषि उपजों या उत्पादों का निर्यात किया जा सकता है, जिसके लिये सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहन व अनुदान देय है।

# विजयगढ़ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग का छापा 17.5 कुंतल नकली मावा पकडा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कस्बा विजयगढ़ अन्तर्गत नगला बरी गांव में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक ऐसे अवैध कारखाने का पदार्फाश किया। सेलखड़ी मिल्क पाउडर और वनस्पति घी मिलाकर बड़े पैमाने पर नकली खोवा (मावा) तैयार किया जा रहा था। सहायक आयुक्त (खाद्य) दीपक सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा सीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय पुलिस के साथ मिलकर यह बड़ी कार्रवाई की गई।

टीम ने सोमवार देर रात करीब 11 बजे गांव नगला बरी निवासी अर्जुन यादव पुत्र नत्थू यादव के घर पर संचालित इस अवैध खोया निर्माण इकाई पर औचक छापा मारा, जो मंगलवार तड़के 3 बजे तक जारी रहा।



कार्रवाई के दौरान मौके से 220 किलोग्राम अज्ञात हल्का मीठा भूरा दानेदार पदार्थ, 50 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर, 80 किलोग्राम सेलखड़ी पाउडर और खोया बनाने में इस्तेमाल होने वाले वनस्पति घी के 6 खाली टीन बरामद किए गए। मौके से 220 किलोग्राम अज्ञात हल्का मीठा भूरा दानेदार पदार्थ, 50 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर, 80 किलोग्राम सेलखड़ी पाउडर और खोया बनाने में इस्तेमाल होने वाले वनस्पति घी के 6 खाली टीन बरामद किए गए। टीम ने मौके पर मौजूद 17.5 कुंतल अस्वच्छ और सेहत के लिए बेहद हानिकारक मिलावटी खोवे को पूरी तरह नष्ट करवा दिया। इसके साथ ही, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुणवत्ता की पुष्टि के लिए कुल 11 नमूने भरकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिए हैं। इस संयुक्त कार्रवाई को सफल बनाने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी त्रिभुवन नारायण, महेन्द्र सिंह, अंशुल पाण्डेय, सुनील शर्मा, अनुज कुमार और आशीष कुमार गंगवार भी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**विदाई**

## भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से उन्हें अपने पूरे कार्यकाल में परम संतोष मिला

# विदाई के दौरान संगीता सिंह हुयीं भावुक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को अलीगढ़ मंडल की मंडलायुक्त रहीं संगीता सिंह को आयुक्त सभागार में कमिश्नरी परिवार, मंडल के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कमिश्नरी बार एसोसिएशन की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों, सहज एवं विनम्र व्यवहार और प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह अपनी नवीन तैनाती वाले मंडल मुरादाबाद के लिए रवाना हो गईं।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि अलीगढ़ मंडल में मंडलायुक्त के रूप में उन्होंने एक वर्ष सात माह का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ उनके लिए कभी पूरी तरह अपरिचित नहीं रहा, क्योंकि उनकी दादी इसी जिले के चकाथल की थीं। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में नई जिम्मेदारी और नए परिवेश के कारण थोड़ी असहजता अवश्य महसूस हुई, लेकिन बाद में सब कुछ भगवान श्रीकृष्ण पर छोड़कर पूरी निष्ठा से कार्य किया। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से उन्हें अपने पूरे कार्यकाल में परम संतोष मिला।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने साथ कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर पूरा भरोसा किया और सभी ने उस भरोसे को कायम रखा। अलीगढ़ में कार्य करते हुए उन्हें ऐसे अनुभव और स्मृतियां मिलीं, जिन्हें वह हमेशा अपने साथ लेकर जाएंगी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि



अपनी तैनाती के दौरान वह एक फोटोग्राफर और लेखिका भी बन जाएंगी। उन्होंने बताया कि उनकी दो पुस्तकें अभी पाइपलाइन में हैं और अलीगढ़ मंडल से मिली यादों को भी वह अपनी आगामी रचनात्मक यात्रा का हिस्सा बनाएंगी।

अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि मंडलायुक्त की विदाई हर्ष और विषाद का मिश्रित अवसर है। एक ओर साथी अधिकारी के स्थानांतरण का भावुक क्षण है, तो दूसरी ओर यह संतोष भी है कि उन्हें प्रदेश के एक महत्वपूर्ण मंडल मुरादाबाद में नई जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि संगीता सिंह के व्यवहार में सहजता और विनम्रता, कार्यशैली में अनुशासन एवं विपरीत परिस्थितियों में ठोस एवं त्वरित निर्णय लेने की अद्वितीय क्षमता रही। अपर आयुक्त न्यायिक अखिलेश कुमार ने कहा कि संगीता सिंह ने परंपरागत कार्यशैली से आगे बढ़कर नई सोच के साथ पात्र लाभार्थियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक किस प्रकार प्रभावी ढंग से पहुंचे, यह उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण पक्ष रहा। पोषण पोटली, बाल विकास से जुड़ी योजनाओं, बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन जैसे अभिनव प्रयासों के साथ-साथ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को भी उन्होंने प्राथमिकता दी।

विदाई समारोह के दौरान कमिश्नरी के अधिकारियों-कर्मचारियों और कमिश्नरी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए नवीन तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह का वातावरण आत्मीयता, सम्मान और भावुकता से भरा रहा।

# नवागत मंडलायुक्त ओम प्रकाश आर्य ने संभाला कार्यभार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । नवागत मंडलायुक्त ओम प्रकाश आर्य ने मंगलवार को अलीगढ़ मंडल के मंडलायुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कमिश्नरी सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उन्होंने अपनी प्रशासनिक प्राथमिकताओं और मंडल के विकास को लेकर अपनी कार्ययोजना साझा की।

मंडलायुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद में करीब छह वर्षों तक सेवाएं देने के बाद उन्हें अलीगढ़ मंडल के मंडलायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने दो जिलों में जिलाधिकारी और दो अन्य जिलों में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है। इसके अतिरिक्त लखनऊ, मेरठ, नोएडा और मथुरा में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की है।



नवागत मंडलायुक्त ने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य विकास कार्यों को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनका प्रत्यक्ष और स्थायी लाभ आमजन तक पहुंचाना है। इसके लिए अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित समीक्षा और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी।

## अनुदानित"मदरसों की जांच भ्रष्टाचार निवारण "संगठन को सौंपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद सहित प्रदेश के 558 अनुदानित मदरसों की जांच अब भ्रष्टाचार निवारण संगठन करेगा। एडीजी एंटी करप्शन ने डीआईजी हरिश्चंद्र को यह जांच सौंपी है। शिकायतकर्ता से जांच अधिकारी ने दस्तावेज मांगे हैं। बाराबंकी निवासी मो. तलहा अंसारी की शिकायत पर केंद्रीय मानवाधिकार आयोग के आदेश से शासन ने यह जांच पहले आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी थी। टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया और एक मदरसा प्रबंध समिति ने इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए ईओडब्ल्यू जांच पर रोक लगा दी। 333 पन्नों की



शिकायत में नियम विरुद्ध नियुक्तियों, अभिलेखों में हेरफेर, संदिग्ध प्रबंध समितियों के जरिये वित्तीय निर्णय और वेतन भुगतान समेत 35 बिंदुओं पर आरोप लगाए हैं। 1100 करोड़ के सालाना सरकारी बजट से जुड़े इस मामले में कोविड काल में हुई नियुक्तियां भी जांच के दायरे में हैं। एंटी करप्शन हर आरोप की जांच करेगा।

## भाजपा के दो बड़े नेता मंदिर के बाहर जलाभिषेक के दौरान आपस में भिड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (यूसुफ सैफी)।** भाजपा के दो बड़े नेताओं के बीच लंबे समय से चली आ रही खींचतान सोमवार को धोपेश्वरनाथ मंदिर के बाहर एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। सावन के अंतिम सोमवार पर जलाभिषेक के लिए जुटे पार्टी नेताओं के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, फिर गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला धक्का-मुक्की व हाथापाई तक पहुंच गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई इस भिड़ंत ने मंदिर के बाहर सियासी तमाशे जैसी स्थिति पैदा कर दी।

**जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे नेता, बाहर चढ़ गया सियासी पारा**

सोमवार सुबह करीब 11 बजे धोपेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भाजपा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे थे। धार्मिक माहौल के बीच दो नेताओं का आमना-सामना हुआ तो पुरानी तल्खी फिर उभर आई। बातचीत से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में तीखे आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गया। आवाजें ऊंची हुई और फिर दोनों तरफ से अपशब्द कहे जाने लगे। बात इतनी बढ़ी कि दोनों नेता एक-दूसरे से उलझ पड़े और धक्का-मुक्की के बाद हाथापाई हो गई।

**पहली बार नहीं भिड़े, पहले भी सामने आ चुकी है आपसी खींचतान**

दोनों नेताओं के बीच टकराव का यह पहला मामला नहीं बताया जा रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र नगर में भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं। उस समय एक नेता के बेटे का नाम सूची से हटाए जाने को लेकर विवाद भड़का था। आरोप है कि बात बढ़ने पर जमकर गाली-गलौज हुई थी और पार्टी के लोगों को बीच में आकर स्थिति संभालनी पड़ी थी।

**महादेव पुल के उद्घाटन पर भी हो चुकी है धक्का-मुक्की**

इसके बाद महादेव पुल के उद्घाटन के दौरान आगे रहने और राजनीतिक वर्चस्व दिखाने की होड़ ने दोनों नेताओं के रिश्तों में और कड़वाहट पैदा कर दी थी। वहां भी कहासुनी के बाद तनातनी इस हद तक पहुंची कि धक्का-मुक्की और हाथापाई की नौबत आ गई थी। अलग-अलग मौकों पर सामने आती रही यह प्रतिद्वंद्विता अब धोपेश्वरनाथ मंदिर की घटना के बाद खुली लड़ाई के रूप में चर्चा में आ गई है।

**दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ हंगामा**

घटनाक्रम के दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, मेयर डॉ. उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद बताए गए। विवाद बढ़ता देखकर आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को अलग कराया। इसके बाद किसी तरह माहौल सामान्य हुआ।

**मंदिर के बाहर भिड़ंत, भाजपा के भीतर फिर उठे सवाल**

धार्मिक आयोजन के दौरान दो नेताओं की सार्वजनिक भिड़ंत की खबर कुछ ही समय में राजनीतिक हलकों तक पहुंच गई। खास तौर पर पुराने विवादों की पृष्ठभूमि के कारण मामला केवल अचानक हुई कहासुनी तक सीमित नहीं माना जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ चेहरों की मौजूदगी में गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंची तनातनी ने स्थानीय भाजपा के भीतर चल रही आपसी खींचतान को फिर चर्चा में ला दिया है। फिलहाल दोनों नेताओं की ओर से पूरे घटनाक्रम पर कोई औपचारिक पक्ष सामने नहीं आया है। पार्टी स्तर से भी विवाद को लेकर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। ऐसे में मंदिर के बाहर हुआ यह घटनाक्रम शहर के सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फर्जी डिग्री के सहारे" भारतीय चिकित्सा परिषद में करा लिया पंजीकरण" तनवीर के मामले में जांच रिपोर्ट लखनऊ भेजी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** फर्जी डिग्री के सहारे आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति में पंजीकरण कराने वाला पाकबड़ा निवासी तनवीर अहमद इंटर पास है। इसके बावजूद उसके पास आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा की डिग्री थी। उसने वर्ष 2022-23 में हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित श्रीकृष्णा राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल से यह डिग्री फर्जी तरीके से हासिल की थी।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप नायक की जांच में डिग्री फर्जी होने की जानकारी सामने आई। तनवीर ने इसी डिग्री और दस्तावेजों के आधार पर भारतीय चिकित्सा परिषद में भी पंजीकरण करा लिया था। हालांकि मुरादाबाद में उसका

**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप नायक ने बताया कि तनवीर के मामले में जांच-पड़ताल के बाद पूरी सूचना लखनऊ भेज दी गई है। आगे की जांच और कार्रवाई लखनऊ स्तर से ही होनी है। मुरादाबाद में तनवीर का पंजीकरण नहीं है**

पंजीकरण नहीं है। लखनऊ स्तर पर फर्जी डिग्रियों की जांच शुरू होने की जानकारी सामने आने के बाद तनवीर ने वर्ष 2025 में अपनी डिग्री कॉलेज को वापस कर दी। फिलहाल वह पाकबड़ा क्षेत्र के एक गांव में खेती-बाड़ी कर रहा है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के कार्यालय में तनवीर को बुलाया गया। अधिकारी ने उससे शपथ पत्र लिखवाया। इस दौरान वह शपथ पत्र भी ठीक से नहीं लिख पाया। इसके बाद उसके बयान और दस्तावेजों की जानकारी जुटाई गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप नायक ने बताया कि तनवीर के मामले में जांच-पड़ताल के बाद पूरी सूचना लखनऊ भेज दी गई है। आगे की जांच और कार्रवाई लखनऊ स्तर से ही होनी है। मुरादाबाद में तनवीर का पंजीकरण नहीं है।

## तेंदुए के बढ़ते प्रकोप से निपटने के लिए हर गांव में बनाए जाएंगे "वनमित्र "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अब तेंदुए के बढ़ते प्रकोप से निपटने के लिए वनमित्र बनाए जाने की योजना शुरू की

**बंदरों से निपटने के लिए कांठ में लगाए जाएंगे "लंगूरों के कट आउट "**

है' हर गांव से दो वन मित्र बनाए जाने हैं जिनमें एक ग्राम प्रधान का नाम शामिल रहने वाला है इस कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को वन विभाग के आह्वन पर

एसडीएम ने तहसील सभागार में ग्राम प्रधान,ग्राम विकास अधिकारी, लेखपालों




की बैठक बुलाई जिसमें डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र कुमार ने बताया की बन जीवो को बचाने और लोगों को बचाने के लिए वन मित्रों की योजना शुरू की गई है इसमें ग्राम प्रधान और उसके साथ एक और ग्रामीण को वनमित्र बनाया जाना है जिनकी वन विभाग द्वारा ट्रेनिंग कराई जाएगी और फिर एक ग्रुप बनाकर उसमें उन्हें शामिल किया जाएगा अगर कहीं से तेंदुआ दिखाई देने या तेंदुए के हमला करने की जानकारी मिलती है तो बन मित्र तुरंत जाकर वहां की स्थिति से विभाग को अवगत कराएंगे इस प्रशिक्षण के दौरान वन मित्रों को तेंदुआ उसके हालात और उसकी स्थिति की भली प्रकार जानकारी दी जाएगी जिससे यह पता चल सके की तेंदुआ आक्रामक है या शांत उन्होंने कहा कि कुछ जगह से झूठी शिकायत मिलने के कारण भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन वनमित्र के द्वारा दी गई सूचना पर विभाग पूर्णतया विश्वास करेगा और उनकी सलाह और जरूरत के हिसाब से मदद पहुंचाने का काम भी करेंगा।लोगों को तेंदुए के प्रति जागरूक करने के लिए फ्लेक्सी एवं पंपलेट गांव गांव दीवारों पर लगवाए जाएंगे हालांकि ग्राम प्रधानों के बैठक में कम आने के कारण पहली सितंबर को एक बार फिर इस बैठक के आयोजन की घोषणा की गई। बैठक में बंदरों के आतंक को लेकर भी चर्चा की गई और कहा कि जब तक कोई माकूल व्यवस्था नहीं होती तब तक नगर पंचायत की ओर से लंगूरों के कट आउट बनाकर जगह-जगह लगवाए जाएंगे।इस मौके पर एसडीएम तहसीलदार डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह बंन दरोगा राजेंद्र सिंह वन क्षेत्राधिकारी लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## देश में कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को लेकर "मुरादाबाद जिला अस्पताल में 12 बेड आरक्षित" जनपद में स्वाइन फ्लू का अभी कोई मामला नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुरादाबाद जिला अस्पताल ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एहतियातन अस्पताल में स्वाइन फ्लू मरीजों के लिए 12 बेड आरक्षित किए गए हैं। इनमें दो बेड आईसीयू में और 10 बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। हालांकि, जिले में अभी तक स्वाइन फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, किसी भी संभावित मरीज के सामने आने पर उसे सामान्य मरीजों से अलग रखते हुए उपचार उपलब्ध कराया जा सके, इसलिए पहले से




तैयार किया गया है। देश में इस समय दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में एच1एन1 के मामले तेजी से बढ़े हैं।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध मरीजों की समय से जांच और अस्पतालों में पर्याप्त बेड, ऑक्सीजन व जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।आईसीएमआर के मुताबिक मौजूदा एच1एन1 वायरस कोई नया वेरिएंट नहीं है। एसआईसी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय का कहना है कि 12 बेड स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए आरक्षित किए जा रहे हैं। वहीं सीएचसी स्तर पर अभी अलग व्यवस्था की गई है। गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू में दो बेड सुरक्षित रखे गए हैं,जबकि सामान्य मरीजों के लिए 10 बेड का अलग वार्ड से कोई प्रबंध नहीं किया गया है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि जिले में स्वाइन फ्लू का कोई मरीज नहीं है।

## प्राकृतिक आपदा में मदद के लिए छात्रों को बनाया जाएगा "आपदा मित्र" ट्रेनिंग के बाद दी जाएगी सुरक्षा किट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तहसील सभागार में एसडीएम ने मंगलवार



को नगर एवं क्षेत्र के प्रधानाचार्य की बैठक बुलाई और एन एस एस एवं एनसीसी के छात्रों को आपदा मित्र बनाए जाने की जानकारी दी।तहसीलदार राजकुमार सिंह ने बताया कि जनपद में 750 आपदा मित्र बनाए जाने हैं जिनकी ट्रेनिंग 1 सितंबर से होगी ट्रेनिंग के उपरांत उन्हें एक सुरक्षा किट दी जाएगी और यदि कभी बाढ़ या भूकंप या अन्य किसी तरह की प्राकृतिक आपदा आती है तो उस वक्त यह प्रशिक्षित छात्र मदद करने का काम करेंगे उन्होंने प्रधानाचार्यो को 3 दिन में सूची उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा है 'इस मौके पर डीएस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुमार देव अबस्थी, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन सिंह, मोहम्मद शान सहित कई स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद से "बेंगलुरु तक सफर अब होगा आसान": बरेली से मिलेगी सीधी ट्रेन


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेंगलुरु जाने वाले मुरादाबाद के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है' लालकुआं से बेंगलुरु के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन अब नियमित एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी। मुरादाबाद के यात्रियों को बेंगलुरु जाने के लिए पहले बरेली पहुंचना होगा। यहां से उन्हें बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी। ट्रेन संख्या (15302) लालकुआं-बेंगलुरु एक्सप्रेस 19 सितंबर से साप्ताहिक चलेगी। वापसी में (15301) बेंगलुरु लालकुआं एक्सप्रेस 22 सितंबर से चलेगी।लालकुआं से चलने वाली ट्रेन बरेली जंक्शन पर शाम 7:47 से 7:52 बजे तक रुकेगी। इसके बाद बदायूं, कासगंज, हाथरस, मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी, नागपुर समेत कई प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दोपहर 3:25 बजे केएसआर बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में बेंगलुरु से ट्रेन सुबह 7:15 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 6:25 बजे बरेली पहुंचेगी। अभी तक मुरादाबाद या बरेली से बेंगलुरू के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं थी। जबकि बेंगलुरू की आईटी कंपनियों में नौकरी करने वाले तमाम युवा आवागमन करते हैं। उन्हें दिल्ली जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। बरेली से बेंगलुरू के लिए स्पेशल ट्रेन चलने के बाद मुरादाबाद के लोग भी लगातार इसे नियमित किए जाने की मांग कर रहे थे।

### 27 अगस्त को "युवाओं से संवाद करेंगे" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) से पहले 27 अगस्त को खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम होगा। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम विभाग और युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की ओर से देशभर में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। कार्यक्रम पीएम नरेंद्र मोदी के फिट, अनुशासित व खेल भावना के अनुरूप होगा। माई भारत के राज्य निदेशक गोपेश पांडेय ने बताया कि देश के चयनित महाविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में पीएम का संबोधन सीधे प्रसारण के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस मौके पर उपनिदेशक पुनीत गोयल और युवा अधिकारी प्रशांत मेरवाडे मौजूद रहे।



### सम्भल में राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने की जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस,चंदौसी रोड,संभल में एक विस्तृत जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र से आईं महिलाओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। माननीय सदस्य ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी प्रकरणों का समयबद्ध व त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे इन योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की 'गोद भराई' की रस्म तथा नवजात शिशुओं का 'अन्नप्राशन संस्कार' भी पारंपरिक रूप से संपन्न कराया गया इसके पश्चात अवनी सिंह ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का दौरा किया, जहां 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत 'कन्या जन्मोत्सव' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सदस्य ने नवजात कन्याओं की माताओं को हिमालय बेबी केयर किट, विशेष उपहार तथा जिला प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं व बधाई पत्र भेंट किए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए माननीय सदस्य श्रीमती अवनी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार निरंतर प्रभावी योजनाएं और कल्याणकारी नीतियां संचालित कर रही है, जिनका धरातल पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी, सीडीपीओ रचना यादव, बाल संरक्षण अधिकारी एकांशु वशिष्ठ,महिला थानाध्यक्ष रेनू सिंह, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी पूजा सिंह,मधु यादव,श्रवण गिरी,त्रिमल सिंह,मोहित कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में आयोजित शोक सभा में एडवोकेट प्रशांत कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानंद इंटर




कॉलेज में मंगलवार को आयोजित शोक सभा में विद्यालय प्रबंध समिति कार्यकारिणी सदस्य मा० बलराम सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार एडवोकेट का आकस्मिक निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। प्रशान्त कुमार (एडवोकेट) का लम्बी बीमारी के चलते देहांत हो गया था।

श्रद्धांजलि सभा में प्रधानाचार्य मदन सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, हरीश तिवारी, निशिकान्त पाठक, विपुल त्यागी,पदम सिंह, सुन्दर सिंह, योगेन्द्र कुमार, पीताम्बर सिंह, अरविन्द शर्मा, दिनेश शर्मा, सुन्दर सिंह, सौरभ अग्रवाल पंकज कुमार, धीरज कुमार, संजीव, मंगल आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर "सजेंगी राखी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा । बहनों ने मंगलवार को

**राखियां" बहनों ने जमकर की राखी की खरीदारी, "आकर्षक राखी से गुलजार" हुई दुकानें**

जमकर राखी की खरीदारी की है' नगर एवं क्षेत्र में दर्जनों दुकानें विभिन्न प्रकार की राखी से सज गई हैं ' राखी विक्रेता चंद्र मोहन, राजीव बिश्नोई, चंद्रपाल सिंह, संजीव कुमार आदि ने "बुलन्द संदेश" को बताया कि उनके यहां राखियां आकर्षक रिजाइन में उपलब्ध है, बाजार में इन दिनों ज्वैलर्स के पास चांदी की राखियां बनवाने के लिए बहनें पहुंच रही हैं। इस बार बहनों के बीच चांदी की राखियों को लेकर खासा आकर्षण देखने को मिल रहा है। विक्रेताओं के मुताबिक चांदी की राखियां पसंद करने वाली बहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रेशम और कलावे की डोर से बनी इन राखियों का दाम अलग-अलग है । बहनें भक्ति थीम, फैंसी और कस्टमाइज





लोग रक्षाबंधन को यादगार बनाने के लिए पारंपरिक राखियों के साथ चांदी की राखियां भी खरीद रहे हैं।

नगर के बाजार में 92.75 प्रतिशत शुद्धता वाली चांदी की राखियों की खूब डिमांड है। राखियों के बाजार में बच्चों से लेकर युवाओं और बड़ों के लिए अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध है ' नगर में पोस्ट ऑफिस और अन्य माध्यम से बहनें भाइयों के पास राखियां भेज रही हैं ।

**अनुमोदन** पर्यटन विभाग को भूमि मिल जाने से दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण के साथ ही पर्यटकों के लिए बढ़ेगी सुविधाएं-जयवीर सिंह


## मंत्रीपरिषद ने जनपद मैनपुरी में स्थित प्रसिद्ध समान पक्षी विहार के निकट पर्यटन विकास के लिए 6.00 हे0 ग्रामसभा की भूमि पर्यटन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने का प्रस्ताव का अनुमोदन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई कैबिनेट बैठक में जनपद मैनपुरी में समान पक्षी विहार के निकट पर्यटन विकास हेतु 6.00 हे0 ग्रामसभा की भूमि पर्यटन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह भूमि मैनपुरी की किसनी तहसील के समान पक्षी विहार के निकट ग्राम समान में स्थित है और ग्राम समाज की यह भूमि ऊसर है। यह भूमि पक्षी वन्यजीव विहार के निर्माण हेतु जिलाधिकारी मैनपुरी ने प्रस्तावित किया था। समान पक्षी वन्यजीवन विहार के पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया था।

उन्होंने बताया कि मैनपुरी का समान पक्षी विहार प्रदेश का एक महत्वपूर्ण वेटलैंड है और रामसर साइट है, जो सारस, क्रेन और कई तरह के प्रवासी पक्षियों का घर है। खासकर गंगा के मैदानी इलाकों में स्थित एक मौसमी झील के पास स्थित है, जो पक्षी प्रेमियों के लिए एक शानदार स्थान है। समान ग्राम स्थित इसे 2019 संरक्षित रामसर स्थल घोषित किया गया है। यह स्थान आगरा-मैनपुरी-फरूर्खाबाद मार्ग पर समान गॉव में स्थित है। यह मैनपुरी शहर से लगभग 30 किमी0 दूर और आगरा-अलीगढ़ सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। इस



स्थान पर रेलमार्ग द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि समान ग्राम स्थित संरक्षित रामसर साइट्स 5.25 वर्ग किमी0 क्षेत्रफल में फैला हुआ है। क्रेन पक्षी को देखने के लिए राज्य के सबसे उपयुक्त स्थलों में से एक है। साथ ही अभ्यारण पक्षी दर्शन और फोटोग्राफी के लिए एक आदर्श स्थान भी है। यहां नाव सवारी करके पक्षियों को करीब से देखा जा सकता है।

वैसे उ0प्र0 में कई पक्षी विहार हैं। जैसे चन्द्रशेखर पक्षी विहार कन्नौज, सैंडी पक्षी विहार हरदोई, बखीरा पक्षी विहार संतकबीरनगर, विजय सागर पक्षी विहार महोबा, लाखबहोसी पक्षी विहार उन्नाव, डा0 भीमराव अम्बेडकर पक्षी विहार प्रतापगढ़, सुरहाताल पक्षी विहार बलिया, ओखला पक्षी विहार गौतमबुद्ध नगर, सूरसरोवर पक्षी विहार आगरा, समान पक्षी विहार मैनपुरी तथा पटन पक्षी विहार एटा शामिल हैं। इन पक्षी विहारों में बड़ी संख्या में देश और विदेशों से भी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियॉ खासतौर से शरद ऋतु में आगमन होता है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग भूमि हस्तान्तरित हो जाने से समान पक्षी विहार के निकट पर्यटकों को पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए समुचित भूमि उपलब्ध हो जायेगी और पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा सकेगी।

इससे प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धिरोपित तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ग्राम समाज की यह भूमि पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तान्तरित हो जाने पर राज्य सरकार के ऊपर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

# बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी तो कुर्सी छोड़ पास पहुंचे एसएसपी पिलाया पानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** पुलिस अधिकारियों की व्यस्त दिनचर्या के बीच कई बार संवेदनशीलता की ऐसी तस्वीर सामने आती है, जो लोगों का ध्यान खींच लेती है। मेरठ एसएसपी कार्यालय में भी ऐसा

**बीबीजीटीएस मूर्ति की संवेदनशीलता ने जीता दिल, सम्मान और इंसानियत की मिसाल बनी तस्वीर**

ही एक नजारा देखने को मिला। अपनी शिकायत लेकर पहुंचे एक बुजुर्ग की तबीयत खराब थी। उन्हें चलने में भी परेशानी हो रही थी।बुजुर्ग को परेशानी में देखकर एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने तत्काल अपनी कुर्सी छोड़ दी और खुद उनके पास पहुंच गए। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बुजुर्ग के पास



पहुंचकर पानी पीलाकर उनकी समस्या सुनी और पूरी बात समझी। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।एसएसपी के इस व्यवहार से वहां मौजूद लोगों ने भी उनकी सराहना की। आमतौर पर शिकायत लेकर आने वाले लोग अधिकारियों से अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी का खुद आगे बढ़कर फरियादी के पास पहुंचना पुलिस की मानवीय संवेदना को दर्शाता है।एसएसपी का बुजुर्ग के पास बैठकर उनकी बात सुनने का फोटो भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना भी है।बुजुर्ग के प्रति एसएसपी के इस व्यवहार ने पुलिस और जनता के बीच भरोसे की तस्वीर पेश की। उनकी यह पहल बताती है कि किसी अधिकारी का पद जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण फरियादी की परेशानी को समझना और उसे सम्मान देना है।

# राहुल गांधी,आप जब भी आते हो, देर करते हो: अशोक उइके

**नई दिल्ली (आरएनएस) ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट पर महाराष्ट्र के आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके ने तीखा जवाब दिया है। डॉ. उइके ने कहा कि राहुल गांधी , आप जब भी आते हो, देर करते हो। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सवाल पूछने से पहले जरा अपने गिरेबान में झांक लिया होता।मंत्री उइके ने कहा कि जिस



दिन राहुल गांधी महाराष्ट्र आए और पेड पीआर प्रोग्राम किया, उसी दिन प्रोग्राम से पहले ही नागपुर और चंद्रपुर के आदिवासी छात्रों ने अपना अनशन वापस ले लिया था। शायद प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने उन्हें गुमराह करने के लिए सही जानकारी नहीं दी होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कितनी भी लॉन्चिंग कर ली जाए, उन्हें फेल ही होना है, लेकिन छात्रों की मांग पर सरकार ने उम्र सीमा को 30 वर्ष कर दिया है।




# भिलाई नगर चुनाव विवाद में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**रायपुर।** भिलाई नगर विधानसभा चुनाव से जुड़े निर्वाचन विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की विशेष अनुमति याचिका (रछ्ढ) खारिज कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 30 जून 2026 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह फैसला सुनाया। इसके साथ ही भिलाई नगर विधानसभा चुनाव से संबंधित निर्वाचन याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई और ट्रायल का रास्ता साफ हो गया है।

मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। देवेंद्र यादव की ओर से हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए SLP




(Civil) No. 28778/2026 दायर की गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

**प्रेम प्रकाश पांडेय ने दायर की है निर्वाचन याचिका**

यह पूरा मामला 65-भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के वर्ष 2023 के चुनाव परिणाम से जुड़ा है। भाजपा नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने

**देवेंद्र यादव की रछ्ढ खारिज, प्रेम प्रकाश पांडेय की निर्वाचन याचिका पर हाईकोर्ट में ट्रायल जारी रहेगा**

निर्वाचन याचिका क्रमांक 9/2024 के माध्यम से देवेंद्र यादव के निर्वाचन को चुनौती दी है।

निर्वाचन याचिका में आरोप लगाया गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किए गए शपथ-पत्र में कानून के तहत आवश्यक जानकारी का समुचित रूप से खुलासा नहीं किया गया। इसके अलावा याचिका में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण से संबंधित आरोप भी लगाए गए हैं।

इन आरोपों पर अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। निर्वाचन याचिका में आगे की न्यायिक प्रक्रिया के दौरान दोनों पक्षों को अपने-अपने दावों और आपत्तियों के समर्थन में साक्ष्य एवं तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

**मुद्दों को प्रारंभिक स्तर पर तय कराने की थी मांग**

निर्वाचन याचिका की सुनवाई के दौरान देवेंद्र यादव की ओर से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सिविल प्रक्रिया संहिता (CPC) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसमें निर्वाचन मामले के मुद्दा क्रमांक 2 और 4 को प्रारंभिक मुद्दों के रूप में तय करने की मांग की गई थी। ये मुद्दे मुख्य रूप से नामांकन के शपथ-पत्र में आवश्यक जानकारी के प्रकटीकरण और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 83 से संबंधित थे। देवेंद्र यादव की ओर से इन मुद्दों पर प्रारंभिक स्तर पर ही निर्णय लेने की मांग की गई थी।

# रक्षाबंधन पर डीएम और सीडीओ को बांधा रक्षा सूत्र, उत्तम स्वास्थ्य की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** रक्षाबंधन के पावन



पर्व पर श्रीमद् दयानंद उत्कर्ष आर्य कन्या गुरुकुल की प्रबंध निदेशक आचार्य रश्मि आर्या, प्रधानाचार्य डॉ. अलका शास्त्री और व्यवस्थापक डॉ. गुलशन ने जिलाधिकारी आवास पहुंचकर डीएम डॉ. वीके सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल को रक्षा सूत्र बांधा।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों अधिकारियों के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की गई। आचार्य रश्मि आर्या ने रक्षा सूत्र को स्नेह, सुरक्षा, कर्तव्य और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश भी देता है।डीएम डॉ. वीके सिंह और सीडीओ नूपुर गोयल ने गुरुकुल परिवार को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा के क्षेत्र में गुरुकुल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# राखियों में दिखी देशभक्ति और सामाजिक संदेश, केके पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश संवाददाता

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर केके पब्लिक स्कूल में कक्षा चार से 12वीं तक की छात्राओं के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राएं अपने घरों से राखी बनाने की सामग्री लेकर पहुंचीं और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।छात्राओं ने रंग-बिरंगी राखियों को आकर्षक ढंग से सजाया। कई राखियों में देश का तिरंगा, बेटी बचाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकने



और बच्चों की शिक्षा के अधिकार का संदेश दिया गया। राखियों को चावल, दाल, मेवे, रिबन और विभिन्न रंगों से सजाकर आकर्षक रूप दिया गया।





# 24 घंटे मिलेगा जरूरत का सामान, हुसड़िया चौराहे पर एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर का शुभारंभ..!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** गोमतीनगर के हुसड़िया चौराहे पर मंगलवार को एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर न्यू शॉप की ग्रैंड ओपनिंग हुई। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. सूर्यकुमार शुक्ला ने फीता काटकर शॉप का उद्घाटन किया। इस मौके पर यश तवर, समीर राय, अभिषेक रस्तोगी रानू राय हैरिश खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शॉप की ऑनर निकिता तवर ने बताया कि एनीथिंग एनीटाइम एनीव्हेयर को लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। शॉप 24



घंटे और सातों दिन खुली रहेगी। यहां ग्रॉसरी के साथ खाने-पीने की विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध होंगी।शॉप में कैफे की सुविधा भी है, जहां पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक, हॉट कॉफी, कोल्ड कॉफी, डेयरी उत्पाद, स्वीट्स और आइसक्रीम सहित कई चीजें मिलेंगी। निकिता तवर ने बताया कि ग्राहकों को एक ही स्थान पर रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।मीडिया से बातचीत में निकिता तवर ने कहा कि आज लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। वे लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका सपना अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा, ह्ययह शुरूआत है, आगे मुझे बहुत कुछ हासिल करना है।







# एसएसपी को छात्राओं ने बांधी राखी, एसएसपी ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** रक्षाबंधन



के पावन पर्व पर मंगलवार को सेंट थॉमस स्कूल की छात्राएं पुलिस कार्यालय पहुंचीं। छात्राओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसएसपी ने छात्राओं से बातचीत की और उन्हें स्नेहपूर्वक मिठाई खिलाई। उन्होंने छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।रक्षाबंधन के मौके पर पुलिस कार्यालय में छात्राओं के साथ एसएसपी का यह आत्मीय संवाद देखने को मिला। इस दौरान माहौल खुशी और उत्साह से भर गया।







मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267